सहायता के लिये खजाने और सवारियों के साथ आये राजों को रोकूँगा।' यह कहकर उसने समीपस्थ वीरों की ओर दृष्टि की। दूसरे दिन उषा की लालिमा के झलकते ही सिपाहियों के द्वारा राजकुमार राजा के आँगन में लाया गया और बहते मद से लिप्त कनपटी वाला चण्डपोत भी पहुँचा। उसी क्षण चाँदी की जंजीर ने उसके दोनों पाँव छोड़ दिये। उसने चाँदनी की जैसी कांति वाली एक अप्सरा का रूप धारण कर उसकी परिक्रमा कर हाथ जोड़े हुये निवेदन किया—'महाराज, कृपा से आर्द्र मन (जरा) इधर कीजियेगा। मैं चन्द्रमा की किरणों से उत्पन्न सुरत-मञ्जरी नामक अप्सरा हूँ। कभी आकाश में कमल-लोभी (कमल के) भ्रम में पड़ गया कलहंस मेरे मुँह के पीछे लगा। उसे हटाने की चञ्चलता से टूटकर गिरी हार-लता संयोग से हिमालय के कम जल वाले एक (या मन्दोदक-नामक) तालाब में डुबकी लगाकर उठे हुये महर्षि मार्कण्डेय के मस्तक पर इस प्रकार गिरी कि मणि-किरणों से उनके

१. अप्सराः। २. परिपतन्नलिन०।

द्विगुणितपलितमपतत् । पातितश्च कोपितेन कोऽपि तेन मयि शापः—'पापे, भजस्व लोहजातिमजातचैतन्या सती' इति । स पुनः प्रसाद्यमानस्त्वत्पाद-पद्मद्वयस्य मासद्वयमात्रं संदानतामेत्य निस्तरणीयामिमामापदमपरिक्षीणशक्तित्वं [1]चेन्द्रियाणामकल्पयत् । अनल्पेन च पाप्मना रजतशृङ्खलीभूतां मामैक्ष्वाकस्य राज्ञो वेगवतः पौत्रः, पुत्रो मानसवेगस्य, वीरशेखरो नाम विद्याधरः शंकरगिरौ समध्यगमत् । आत्मसात्कृता च तेनाहमासम् । अथासौ पितृप्रयुक्तवैरे [2]प्रवर्तमाने विद्याधरचक्रवर्तिनि वत्सराजवंशवर्धने नरवाहनदत्ते विरसाशयस्तदपकारक्षमोऽयमिति तपस्यता दर्पसारेण सह समसृज्यत । प्रतिश्रुतं च तेन तस्मै [3]स्वसुर-वन्तिसुन्दर्याः प्रदानम् । अन्यदा तु वियति व्यवदायमानचन्द्रिके मनोरथप्रिय-

---

श्वेतता यत्र तत् यथा स्यात् तथा । कोपितेन कोपः संजातः यस्य सः (तदस्य संजातम् इति इतच्प्रत्ययः) । पापे रे पापयुक्ते । भजस्व प्राप्नुहि । लोहजातिम् लोहत्वम् । न जातम् चैतन्यम् यस्याः सा । प्रसाद्यमानः प्रसन्नीक्रियमाणः । मासद्वयम् प्रमाणम् अस्य इति मात्रच् । सन्दानताम् वन्धनत्वम् (सन्दानं पादवन्धनम् इति अमरः) । एत्य प्राप्य । निस्तरणीयाम् । न परिक्षीणा नष्टा शक्तिः यस्य तत्त्वम् । अकल्पयत् विहितवान् । अनल्पेन महता । पाप्मना पापेन । इक्ष्वाकोः अयम् इति ऐक्ष्वाकः तस्य । शङ्करगिरौ कैलासे । समभ्यगमत् प्राप्तवान् । आत्मसात्कृता गृहीता । पित्रा प्रयुक्तम् कृतम् यत् वैरम् शत्रुता तस्मिन् । वर्धने जाते । विरसः क्रूरः आशयः यस्य सः । तस्य अपकारे निग्रहे क्षमः समर्थः । समसृज्यत मिलितः । प्रतिश्रुतम् प्रतिज्ञातम् । तेन दर्पसारेण । तस्मै वीरशेखराय । स्वसुः भगिन्याः । अन्यदा अन्यस्मिन् समये । वियति आकाशे । व्यवदायमाना निर्मला चन्द्रिका ज्योत्स्ना यत्र तस्मिन् । मनोरथैः अभिलाषैः । दिदृक्षुः द्रष्टुम् इच्छुः ।

बालों की सफेदी दूना हो गई । उन्होंने गुस्सा होकर मेरे ऊपर अकथनीय (दुःसह) शाप का प्रहार किया—'पापिन, चैतन्य-रहित लोह-जाति धारण करो ।' प्रसन्न किये जाने पर उन्होंने फिर केवल दो मास के लिये तुम्हारे दोनो चरण कमलों का बन्धन बनकर उद्धार-योग्य इस विपत्ति और इन्द्रियों को शक्ति के क्षीण न होने की व्यवस्था की । महान् पाप के कारण चाँदी की जंजीर बनी हुई मुझे इक्ष्वाकु-कुल[4] के राजा वेगवान् के पौत्र और मानसवेग के पुत्र वीरशेखरनामक विद्याधर ने कैलास पर्वत पर पाया । उसने मुझे अपने अधीन कर लिया । इसके बाद पिता से हुये वैर के उठ खड़े होने से विद्याधर-राज वत्सराजवंश में उत्पन्न नरवाहनदत्त के प्रति हृदय में क्रूरता धारण कर "यह (दर्पसार) उसका अपकार करने में समर्थ है" यह सोचकर तप करते हुये दर्पसार से मिल गया और उस (दर्पसार) ने उस (वीरशेखर) से अपनी बहन अवन्तिसुन्दरी का ब्याह करने का वचन दिया । फिर कभी जब आकाश में निर्मल चाँदनी थी अपनी मनोरथ की (वास्तविक नहीं) प्रेयसी अवन्ति-

---

१. च पञ्चेन्द्रियाणाम् । २. वर्तमाने । ३. स्वस्वसु० ।

४. इक्ष्वाकु वंश की सूची में ये नाम अन्यत्र नहीं मिलते ।

तमामवन्तिसुन्दरीं दिदृक्षुरवशेन्द्रियस्तदिन्द्रमन्दिरद्युति कुमारीपुरमुपासरत् । अन्तरितश्च तिरस्करिण्या विद्यया स च तां तदा त्वदङ्कापाश्रयां[1] सुरतखेदसुप्तगात्रीं त्रिभुवनसर्गयात्रासंहारसम्बद्धाभिः[2] कथाभिरमृतस्यन्दिनीभिः प्रत्यानीयमानरागपूरां न्यरूपयत् । स तु प्रकुपितोऽपि त्वदनुभावप्रतिबद्धनिग्रहान्तराध्यवसायः समालिङ्ग्येतरेतरमत्यन्तसुखसुप्तयोर्युवयोर्दैवदत्तोत्साहः पाण्डुलोहश्रृङ्खलात्मना मया पादपद्मयोर्युगलं तव निगडयित्वा सरोषरभसमपासरत् । अवसितश्च ममाद्य शापः । तच्च मासद्वयं तव पारतन्त्र्यम् । प्रसीदेदानीम् किं तव करणीयम्'

अवशानि विकलानि इन्द्रियाणि यस्य सः । इन्द्रमन्दिरस्य देवराजगृहस्य द्युतिः दीप्तिः इव द्युतिः यस्य तत् । कुमारीपुरम् कन्यान्तःपुरम् । उपासरत् आगच्छत् । अन्तरितः आच्छादितः । तिरस्करिण्या अन्तर्धानकारिण्या । तव (राजवाहनस्य) अङ्के क्रोडे अपाश्रयः शिरोभागः (अपाश्रयः शिरोभागः इति वैजयन्ती) । सुरतखेदेन केलिक्लमेन सुप्तानि निश्चलानि गात्राणि अङ्गानि यस्याः सा । त्रिभुवनस्य सर्गः उत्पत्तिः यात्रा स्थितिः संहारः प्रलयः च तैः संबद्धाभिः । स्यन्दिनीभिः स्रावणीभिः । प्रत्यानीयमानः पुनः उत्पाद्यमानः रागस्य प्रेम्णः पूरः प्रवाहः यस्याः ताम् । न्यरूपयत् दृष्टवान् । तव अनुभावेन सामर्थ्येन प्रतिबद्धः निवारितः निग्रहान्तरस्य (श्रृङ्खलाबन्धनम् विना) अन्यस्य निग्रहस्य दण्डस्य अध्यवसायः निश्चयः येन । पाण्डुलोहस्य रजतस्य श्रृङ्खलात्मनः श्रृङ्खलारूपायाः । मया अप्सरसा (श्रृङ्खलारूपया) । निगडयित्वा बद्ध्वा । सरोषरभसम् सकोपवेगम् यथा स्यात् तथा । अपासरत् अगच्छत् । अवसितः समाप्तः । तव

सुन्दरी को देखने का इच्छुक होकर वह (वीरशेखर) इन्द्रियों पर काबू न पाकर उस इन्द्र-महल की शोभा के समान शोभा वाले कन्या-अन्तःपुर में पहुँचा । तब अन्तर्धान विद्या से छिपकर उसने उस-(अवन्तिसुन्दरी) को देखा । वह तुम्हारी गोद में अपना सिर रखे थी, उसके अङ्ग केलि क्रीड़ा से निश्चल हो गये थे और उसमें तीनो लोकों की सृष्टि, स्थिति और नाश से संबद्ध अमृत बहाने वाली[3] कथाओं से (तुम्हारे द्वारा) राग-प्रवाह पुनः लाया जा रहा था । वह (वीरशेखर) गुस्सा होकर भी तुम्हारे रोब से (बाँधने के अतिरिक्त) किसी दूसरे दण्ड के निश्चय से विरत और भाग्य-प्रदत्त उत्साह से युक्त होकर एक दूसरे को गले लगाकर अत्यन्त सुख-पूर्वक सोये हुये तुम दोनो में से तुम्हारे दोनो चरण-कमल चाँदी की जंजीर के रूप वाली मुझसे बाँधकर कोपवेग के साथ चल दिया । आज मेरा शाप समाप्त है । वह (शाप) दो माह के लिये तुम्हारी पराधीनता बनकर रहा । अब प्रसन्न हो जाओ ।

१. त्वदङ्कोपा० । २. संश्रिताभिः ।

३. वर्धमानानुरागां चान्वर्थाभिः कथाभिश्चित्तहारिणीभिश्च रञ्जयेत् । वात्स्यायनकृतकामसूत्र ३।३।१७

इति प्रणिपतन्तीं 'वार्तयानया मत्प्राणसमां समाश्वासय' इति व्यादिश्य विससर्ज।

तस्मिन्नेव क्षणान्तरे 'हतो हतश्चण्डवर्मा सिंहवर्मदुहितुरम्बालिकायाः पाणिस्पर्शरागप्रसारिते बाहुदण्ड एव बलवदवलम्ब्य सरभसमाकृष्य केनापि दुष्करकर्मणा[1]तस्करेण[2]नखप्रहारेण राजमन्दिरोद्देशं च शवशतमयमापादयन्नचकितगतिरसौ विहरति' इति वाचः समभवन्। श्रुत्वा चैतत्तमेव मत्तहस्तिनमुदस्ताधोरणो राजपुत्रोऽधिरुह्य रंहसोत्तमेन राजभवनमभ्यवर्तत। स्तम्बेरमरयावधूत-[3] पत्तिदत्तवर्त्मा च प्रविश्य वेश्माभ्यन्तरमदभ्राभ्रनिर्घोषगम्भीरेण स्वरेणाभ्यधात्—'कः स महापुरुषो येनैतन्मानुषमात्रदुष्करं महत्कर्मानुष्ठितम्। आगच्छतु। मया

(कृते)। करणीयम् (मया)। प्रणिपतन्तीम् नमन्तीम्। वार्तया उदन्तेन। मम प्राणैः समाम् (अवन्तिसुन्दरीम्)। व्यादिश्य उक्त्वा।

अन्तरे अभ्यन्तरे। पाणिस्पर्शे विवाहे यः रागः प्रेम तेन प्रसारिते विस्फारिते। बलवत् दृढतया। अवलम्ब्य धृत्वा। सरभसम् सवेगम्। नखम् व्याघ्रनखाख्यम् आयुधम्। राजमन्दिरोद्देशम् राजगृहप्रदेशम्। शवानाम् शतम् यत्र तादृशम्। आपादयन् कुर्वन्। अचकिता भयरहिता गतिः गमनम् यस्य सः। समभवन् उद्भूताः। उदस्तः दूरीकृतः आधोरणः हस्तिपकः येन सः। रंहसा वेगेन। अभ्यवर्तत प्राचलत्। 'स्तम्बे रमते असौ (स्तम्बकर्णयो रमिजपोः इति अच्। हलदन्तात् इति अलुक्।) तस्य रयः वेगः तेन अवधूतः दूरीकृताः ये पत्तयः पदातयः तैः दत्तम् वर्त्म मार्गः यस्य सः। अदभ्रः बहुलः यः अभ्रनिर्घोषः मेघरसितम् तद्वत् गम्भीरेण (निर्घोषे रसितादि च इति अमरः)। अभ्यधात् अवदत्। मानुषमात्रदुष्करम् अशेष-

तुम्हारी क्या सेवा करूँ' यह कहकर प्रणाम करती हुई उससे उस (राजवाहन) ने 'इस समाचार से मेरी प्राणतुल्या (प्यारी) को ढाढस देना' कहकर विदा किया।

उसी समय 'मारा गया मारा गया चण्डवर्मा सिंहवर्मा की बेटी अम्बालिका के हाथ के स्पर्श के प्रति प्रेम से भुजदण्ड बढ़ाते ही दृढ़ता से पकड़कर वेग-सहित खींचकर किसी दुष्कर कार्य करने वाले चोर के द्वारा बघनखे से। वह राजमहल के इलाके को सैकड़ों लाशों से भरकर निर्भय गति से घूम रहा है' यह बात शुरू हुई। यह सुनकर महावत को नीचे फेंककर उसी मस्त हाथी पर चढ़कर राजकुमार (राजवाहन) तेज चाल से राजमहल की ओर चल पड़ा। हाथी के वेग से हटाये गये पैदल चलने वालों ने रास्ता छोड़ दिया। महल के अन्दर घुसकर मेघ के जोर के गर्जन के समान गम्भीर आवाज में बोला—'कौन है वह महापुरुष जिसने सकल मानवों के द्वारा असम्भव महान् कार्य कर दिया। वह आये। मेरे साथ इस

१. दुष्करकर्मकारिणा। २. नखर। ३. पदाति।

सहेमं मत्तहस्तिनमारोहतु । अभयं मदुपकण्ठवर्तिनो देवदानवैरपि विगृह्णानस्य' इति । निशम्यैवं स पुमानुपोढहर्षो निर्गत्य कृताञ्जलिराक्रम्य संज्ञासंकुचितं कुञ्जरगात्रमसक्तमध्यरुक्षत् । आरोहन्तमेवैन निर्वर्ण्य हर्षोत्फुल्लदृष्टिः 'अये ! प्रियसखोऽयमपहारवर्मैव' इति पश्चान्निषोदतोऽस्य बाहुदण्डयुगलमुभयभुजमूल-प्रवेशितमग्रेऽवलम्ब्य स्वमङ्गमालिङ्गयामास । स्वयं च पृष्ठतो वलिताभ्यां भुजाभ्यां पर्यवेष्टयत् । तत्क्षणोपसहृतालिङ्गनव्यतिकरश्चापहारवर्मा चापचक्रकणपकर्पण[1] प्रासपट्टिशमुसलतोमरादिप्रहरणजात[2]मुपयुञ्जाना[3]न्बलावलिप्तान्प्रतिबलवीरान् बहु-प्रकारायोधिनः परिक्षिपतः क्षितौ विचिक्षेप । क्षणेन चाद्राक्षीत्तदपि सैन्यमन्येन समन्ततोऽभिमुखमभिधावता बलनिकायेन परिक्षिप्तम् ।

मानुषैः कर्तुम् अशक्यम् । विगृह्णानस्य विरोधम् कुर्वाणस्य । निशम्य श्रुत्वा । उपोढः प्राप्तः । हर्षः येन सः । कृतः अञ्जलिः प्रणामः येन सः । आक्रम्य आगत्य । संज्ञया संकेतेन संकुचितम् खर्वीकृतम् । असक्तम् अलग्नम् (अस्पृष्ट्वा) । अध्यरुक्षत् आरूढः । निर्वर्ण्य निपुणम् निरीक्ष्य । हर्षोत्फुल्ला दृष्टिः यस्य सः । अये (अतर्कापतिते त्वये इति केशवः) । प्रियः च असौ सखा च (राजाहःसखिभ्यष्टच्) । भुजमूलम् कक्षम् । अग्रे (बाहुदण्डयुगलाग्रे) । वलिताभ्याम् वक्रिताभ्याम् । पर्यवेष्टयत् आलिङ्गितवान् । उपसंहृतः समाप्तः आलिङ्गनस्य व्यतिकरः संपर्कः येन सः । कणपः लोहस्तम्भः (लोहस्तम्भस्तु कणपः इति वैजयन्ती) । कर्पणः शरावाकारः अस्त्र-विशेषः । प्रासः कुन्तः (प्रासस्तु कुन्तः इति अमरः) । पट्टिशः शस्त्रविशेषः (पट्टिशः स्याद् विशालाग्रः इति वैजयन्ती) । मुसलम् मुसलाकारम् लोहायुधम् । तोमरः लोहगुच्छः (तोमरो वेगदण्डवान् इति वैजयन्ती) । प्रहरणजातम् शस्त्रसमूहम् । उपयुञ्जानान् प्रेरयतः । अवलिप्तान् गर्वितान् । प्रतिबलवीरान् शत्रुपक्षीयभटान् । आयोधिनः युद्धम् कुर्वतः । परिक्षिपतः निक्षिपतः (लोकान् इति शेषः) । विचिक्षेप पातितवान् । समन्ततः परितः । अभिमुखम् सम्मुखम् । अभिधावता आगच्छता । बलानाम् सेनानाम् निकायेन समूहेन । परिक्षिप्तम् आक्रान्तम् ।

मस्त हाथी पर सवार होवे । मेरे समीप रहने वाला देवों और दानवों से भी विरोध करे तो उसे डर नहीं ।' यह सुनकर वह आदमी आनन्दित होकर निकलकर हाथ जोड़े हुये आकर संकेत से सिकुड़े हुये गज-शरीर पर विना स्पर्श के चढ़ गया । चढ़ते समय ही इसे निरखकर हर्ष से विकसित दृष्टि लेकर 'अरे यह प्यारे सखा अपहार वर्मा ही हैं ।' यह कहकर पीछे बैठे हुये इसके अपनी दोनो काँखों में प्रविष्ट कराये गये दोनो भुजदण्डों का सिरा पकड़कर अपने शरीर का आलिङ्गन कराया और खुद पीछे लपेटी भुजाओं से लिपटा लिया । उसी क्षण आलिङ्गन-सम्पर्क तोड़कर अपहार वर्मा ने धनुष, चक्र, कणप (लोह-स्तम्भ), कर्पण, भाले, पट्टिश, मुसल, तोमर आदि हथियारों का उपयोग कर रहे शक्ति-गर्वित अनेक प्रकार से लड़ते हुये, (लोगों को) गिराते हुए शत्रुपक्षीय वीरों को पृथ्वी पर फेंक दिया । क्षण भर में देखा कि चारो ओर सामने आ रहे अन्य सैन्य-समूह ने वह सेना भी नष्ट कर दी है ।

१. कर्णप । २. जालं । ३. उपयुञ्जानः ।

[1]अनन्तरं च कश्चित्कर्णिकारगौरः कुरुविन्दसवर्णकुन्तलः कमलकोमलपाणिपादः कर्णचुम्बिदुग्धधवलस्निग्धनीललोचनः कटितटनिविष्टरत्ननखः पट्टनिवसनः कृशाकृशोदरोरःस्थलः कृतहस्ततया रिपुकुलमिषुवर्षेणा[2]भिवर्षन्पादाङ्गुष्ठनिष्ठुरावघृष्टकर्णमूलेन प्रजविना गजेन संनिकृष्य पूर्वोपदेशप्रत्ययात् 'अयमेव स देवो राजवाहनः' इति प्राञ्जलिः प्रणम्यापहारवर्मणि निविष्टदृष्टिराचष्ट—'त्वदादिष्टेन मार्गेण संनिपातितमेतदङ्गराजसाहाय्यदानायोपस्थितं राजकम्[3]। [4]अखिलं च विहतविध्वस्तं स्त्रीबालहार्यशस्त्रं वर्तते। किमन्यत्कृत्यम्' इति। हृष्टस्तु व्याजहारापहारवर्मा—'देव, दृष्टिदानेनानुगृह्यतामयमाज्ञाकरः। सोऽय[5]महमेवामुना रूपेण धन-

कर्णिकारः द्रुमोत्पलः तद्वत् गौरः। कुरुविन्देन नीलमणिना सवर्णाः समानाः कुन्तलाः केशाः यस्य सः। कमलवत् कोमलम् पाणिपादम् यस्य सः। कटितटे निविष्टः रत्नयुक्तः नखः व्याघ्रनखः यस्य सः। पट्टम् दुकूलम् निवसनम् परिधानम् यस्य सः। कृशम् च अकृशम् च उदरम् उरःस्थलम् च यस्य सः (कृशोदरः अकृशोरःस्थलः)। कृतः शिक्षितः (शिक्षितं कृतमर्थवत् इति भागुरिः)। हस्तः यस्य तत्ता तया। इषूणाम् बाणानाम् वर्षेण वृष्ट्या। पादाङ्गुष्ठेन निष्ठुरं यथा स्यात् तथा अवघृष्टम् घर्षितम् कर्णमूलम् यस्य तेन। प्रजविना वेगवता। संनिकृष्य समीपम् आगत्य। पूर्वोपदेशप्रत्ययात् पूर्वोक्तपरिचयज्ञानात् प्राञ्जलिः बद्धाञ्जलिः। आचष्ट अवदत्। सन्निपातितम् आनीतम्। राजकम् राजसमूहः। स्त्रीभिः बालैः च हार्याणि शस्त्राणि यस्य तादृशम्। कृत्यम् कर्त्तव्यम्। व्याजहार उक्तवान्। आज्ञाकरः सेवकः। अहम् एव मत्तः अभिन्नः। आख्यया

इसके बाद कर्णिकार के समान गोरा, कुरुविन्द के समान केश वाला, कमल के समान कोमल हाथ-पाँव वाला, कान को चूमने वाले, दूध से सफेद, स्निग्ध और नीले नेत्र वाला, कमर के किनारे बघनखा लगाये, रेशमी वस्त्र पहने, पतली कमर और चौड़ी छाती वाला, हस्तलाघव से शत्रुओं पर बाण की वर्षा करता हुआ, पैर के अँगूठे से निर्दयतापूर्वक रगड़ी कनपटी वाले तीव्रगामी हाथी पर सवार होकर निकट आकर पहले बताये हुये परिचय से पहचानकर 'यही वे महाराज राजवाहन हैं' यह कहकर अञ्जलि बाँधकर प्रणाम कर अपहारवर्मा को एकटक देखता हुआ बोला—'आपकी बताई राह से अङ्गराज को सहायता देने के लिये उपस्थित यह राज-समाज इकट्ठा किया गया है और दुश्मन की फौज इस प्रकार घायल और विध्वस्त है कि स्त्री और बालक भी उसके हथियार छीन सकते हैं। अब क्या करना है। अब अपहारवर्मा ने प्रसन्न होकर कहा—'महाराज, इस सेवक पर दृष्टिपात कर कृपा करें। इसे मुझसे

१. अन्तरे। २. अभिपात्य। ३. राजन्यकम्। ४. अखिलारि० अखिलं चा०। ५. सोऽयमप्यह०; सोऽयमेवाद्य।

मित्राख्यया चान्तरितो मन्तव्यः। स एवायं निर्गमय्य बन्धनादङ्गराजमपवर्जितं च कोशवाहनमेकीकृत्यास्मद्गृह्येणामुना सहराजन्यकेनैकान्ते सुखोपविष्टमिह देवमुपतिष्ठतु यदि न दोषः' इति। देवोऽपि 'यथा ते रोचते' इति तमाभाष्य गत्वा च तन्निर्दिष्टेन मार्गेण नगराद्बहिरतिमहतो रोहिणद्रुमस्य [1]कस्यचित्क्षौमाव-दातसैकते गङ्गातरङ्गपवनपातशीतले तले द्विरदादवततार। प्रथमसमवतीर्णेना-पहारवर्मणा च स्वहस्तसत्वरसमीकृते [2]मातङ्ग इव भागीरथीपुलिनमण्डले सुखं निषसाद। तथा निषण्णं च तमुपहारवर्मार्थपालप्रमतिमित्रगुप्तमन्त्रगुप्तविश्रुतैर्मै-थिलेन च प्रहारवर्मणा, काशीभर्त्रा च कामपालेन, चम्पेश्वरेण सिंहवर्मणा, सहोपागत्य धनमित्रः प्रणिपपात। देवोऽपि हर्षविद्धमभ्युत्थितः 'कथं समस्त [3]एष मित्रगणः समागतः? को नामायमभ्युदयः?' इति कृतयथोचितोपचारान्निर्भ-रतरं[4] परिरेभे। काशीपतिमैथिलाङ्गराजांश्च सुहृन्निवेदितान्पितृवदपश्यत्। तैश्च

नाम्ना। अन्तरितः भिन्नः। निर्गमय्य मोचयित्वा। अपवर्जितम् इतस्ततः गतम्। गृह्येण पक्षस्थि-तेन। रोहिणद्रुमस्य वटवृक्षस्य (वटवृक्षस्तु रोहिणः इति वैजयन्ती)। क्षौमम् पट्टम् इव अवदा-तम् शुद्धम् सैकतम् सिकतामयम् स्थलम् यत्र। द्विरदात् गजात्। मातङ्गे गजे पुलिनमण्डले मण्डलाकारे पुलिने। तम् राजवाहनम्। मैथिलेन मिथिलाराजेन। भर्त्रा नरेशेन। उपागत्य समीपे आगत्य। प्रणिपपात प्रणामम् अकरोत्। हर्षेण आविद्धम् युक्तम् यथा स्यात् तथा। अभ्युदयः उन्नतिः। उपचारः संमानः। निर्भरतरम् दृढतरम्। परिरेभे आलिङ्गितवान्। निवेदि-तान् निर्दिष्टान्। हर्षेण कम्पितम् पलितम् वृद्धतया श्वेताः केशाः यत्र तत् यथा स्यात् तथा।

अभिन्न और इस आकार तथा "धनमित्र" नाम के कारण (ही) भिन्न मानें। यह अगर आपत्ति न हो तो अङ्गराज (सिंहवर्मा) को बन्धन से छुड़ाकर और बिखरे खजाने तथा सवा-रियों को एकत्रित कर हमारे पक्ष वाले इस क्षत्रिय-समूह के साथ इस एकान्त में सुखपूर्वक बैठे हुए महाराज की सेवा में उपस्थित हो। राजा भी 'जैसा तुम ठीक समझो' कहकर उस (अप-हारवर्मा) के बताये गये मार्ग से शहर के बाहर जाकर किसी बहुत बड़े बरगद के पेड़ के तले हाथी से उतरा। वहाँ का बलुआ स्थल रेशमी वस्त्र-सा निर्मल था। वह (स्थान) गङ्गा की लहरों से लगकर चलने वाली हवा के लगने से ठंडा था। पहले उतरकर अपहारवर्मा के द्वारा अपने हाथों शीघ्र समतल किये मण्डलाकार गंगा-तट पर यों सुखपूर्वक बैठे जैसे हाथी पर बैठे हों। उपहारवर्मा, अर्थपाल, प्रमति, मित्रगुप्त, मन्त्रगुप्त, विश्रुत, मिथिलाराज प्रहारवर्मा, काशीनरेश कामपाल और चम्पा-राज सिंहवर्मा के साथ समीप आकर धनमित्र ने इस प्रकार बैठे हुए उस (राजवाहन) को प्रणाम किया और राजा ने सहर्ष उठकर 'अरे! यह समस्त मित्र-मण्डली आ गई है। क्या सौभाग्य है!' कहकर उनका यथोचित सत्कार कर भरपूर गले लगाया। मित्र के बताने पर काशी नरेश, मिथिला-राज और अङ्ग-नरेश को पितृ-तुल्य

१. कस्यांचिन्मूले। २. मातङ्ग इव स्फटिकमय इव। ३. एव। ४. उत्पीडिततरम्।

[1]हर्षकम्पितपलितं [2]सरभसोपगूढः परमभिननन्द । ततः प्रवृत्तासु प्रीतिसंकथासु प्रियवयस्यगणानुयुक्तः स्वस्य च सोमदत्तपुष्पोद्भवयोश्चरितमनुवर्ण्य सुहृदामपि वृत्तान्तं क्रमेण श्रोतुं कृतप्रस्तावस्तांश्च तदुक्तावन्वयुङ्क्त । तेषु प्रथमं प्राह स्म किलापहारवर्मा—

इति श्रीदण्डिनः कृतौ दशकुमारचरिते राजवाहनचरितं नाम प्रथम उच्छ्वासः ॥

द्वितीयोच्छ्वासः

'देव, त्वयि तदावतीर्णे द्विजोपकारायासुरविवरं त्वदन्वेषणप्रसृते[3] च मित्रगणेऽहमपि महीमटन्नङ्गेषु गङ्गातटे बहिश्चम्पायाः 'कश्चिदस्ति तपःप्रभावोत्पन्नदिव्यचक्षुर्मरीचिर्नाम महर्षिः' इति कुतश्चित्संलपतो जनसमाजादुपलभ्यामुतो

सरभसम् सवेगम् । उपगूढः आलिङ्गितः । प्रवृत्तासु आरब्धासु । प्रीतिसंकथासु स्नेहालापेषु । प्रियाणाम् वयस्यानाम् बालमित्राणाम् गणेन अनुयुक्तः पृष्टः सन् । चरितम् जीवनम् । अनुवर्ण्य यथा पूर्वपीठिकायाम् उक्तम् तथा वर्णयित्वा । तस्य वृत्तान्तस्य उक्तौ वर्णने । अन्वयुङ्क्त नियुक्तवान् । प्रथमम् पूर्वम् ।

देव महाराज (राजवाहन) । अवतीर्णे प्रविष्टे । असुरविवरम् पातालम् । प्रसृते इतस्ततः गते । अङ्गेषु अङ्गदेशे । दिव्यचक्षुः अतीन्द्रियद्रष्टा । कुतश्चित् अज्ञातपरिचयात् । उपलभ्य ज्ञात्वा ।

माना और उनके हर्ष से सफेद बाल हिलाते हुये सवेग आलिङ्गित होकर बहुत आनन्दित हुआ । फिर प्रेमालाप चल पड़ने पर प्यारे दोस्तों के पूछने पर अपने सोमदत्त और पुष्पोद्भव का जीवन बयान कर मित्रों का वृत्तान्त भी सुनने के लिये क्रम से प्रस्ताव कर वह (वृत्तान्त) कहने को प्रेरित किया । उनमें से अपहार वर्मा ने सबसे पहले कहा—

श्री दण्डी की रचना दशकुमारचरित के अन्तर्गत राजवाहन-चरित [जीवन] नामक प्रथम उच्छ्वास (अध्याय) समाप्त हुआ ।

दूसरा उच्छ्वास (=अध्याय)

महाराज, ब्राह्मण की भलाई के लिए तब तुम्हारे पाताल में उतर जाने और मित्र-मण्डली के तुम्हारी खोज में फैल जाने पर मैं भी पृथ्वी पर घूमता हुआ अङ्ग देश में गङ्गा के किनारे चम्पा (शहर) के बाहर-बाहर 'तप-प्रभाव से पैदा हुई अलौकिक दृष्टि वाले कोई मरीचि-नामक महर्षि हैं' यह बात कर रहे किसी जन-समूह से जानकर उन (महर्षि) से तुम्हारा

१. हर्षनिर्भरतरम्; ०निर्भररभसो० । २. सहसोपगूढः । ३. प्रस्थिते ।

बुभुत्सुस्त्वद्गतिं तमुद्देशमगमम्। न्यशामयं च तस्मिन्नाश्रमे कस्यचिच्चूतपोतकस्य छायायां कमप्युद्विग्नवर्णं तापसम्। अमुना चातिथिवदुपचरितः क्षणं विश्रान्तः 'क्वासौ भगवान्मरीचिः, तस्मादहमुपलिप्सुः प्रसङ्गप्रोषितस्य सुहृदो गतिम्। आश्चर्यज्ञानविभवो हि स महर्षिर्मह्यां विश्रुतः' इत्यवादिषम्। अथासावुष्णमायतं च निःश्वस्याशंसत्[1]—'आसीत्तादृशो मुनिरस्मिन्नाश्रमे। तमेकदा काममञ्जरी नामाङ्ग[2]पुरीवतंसस्थानीया वारयुवतिरश्रुबिन्दुतारकितपयोधरा सनिर्वेदमभ्येत्य कीर्णशिखण्डास्तीर्णभूमिरभ्यवन्दिष्ट। तस्मिन्नेव च क्षणे मातृप्रमुखस्तदासवर्गः[3] सानुक्रोशमनुप्रधावितस्तत्रैवा[4]विच्छिन्नपातमपतत्। स किल कृपालु-

असुतः तस्मात्। बुभुत्सुः बोद्धुम् इच्छुः। तव गतिम् मार्गम्। उद्देशम् प्रदेशम्। अगमम् अगच्छम्। न्यशामयम् अपश्यम्। चूतपोतकस्य बालाम्रवृक्षस्य। उद्विग्नस्य विषण्णस्य वर्णः कान्तिः इव वर्णः यस्य तम्। अतिथिः न विद्यते (द्वितीया कापि) तिथिः यस्य [एकरात्रं तु निवसन्नतिथिर्ब्राह्मणः स्मृतः। अनित्यं हि स्थितो यस्मात्तस्मादतिथिरुच्यते। (मनुस्मृति ३।१०२)]। उपचरितः संमानितः। विश्रान्तः कृतविश्रमः। उपलिप्सुः उपलब्धुम् ज्ञातुम् इच्छुः। प्रसङ्गेन कारणेन प्रोषितस्य गतस्य। गतिम् दिशम्। आश्चर्यः चमत्कारकारी ज्ञानस्य विभवः संपत्तिः यस्य सः। विश्रुतः प्रसिद्धः। अवादिषम् अवदम्। आयतम् दीर्घम्। अशंसत् अवदत्। वतंसस्थानीया शेखरभूता (वष्टि भागुरिरल्लोपमवाप्योरुपसर्गयोः इति अकारलोपः। अवतंसः कर्णभूषणम् शिरोभूषणम् वा)। वारयुवतिः वेश्या। तारकाः सञ्जाताः अनयोः इति तारकितौ (इतच्) अश्रुबिन्दुभिः तारकितौ पयोधरौ यस्याः तादृशी। सनिर्वेदम् सर्वत्र उपेक्षासहितम्। कीर्णैः परितः प्रसृतैः शिखण्डैः केशपाशेन आस्तीर्णा कृतास्तरणा भूमिः यया सा। अभ्यवन्दिष्ट प्रणतवती। तस्याः आप्तानाम् स्वजनानाम् वर्गः। अनुक्रोशेन दयया सह वर्तमानम् सानुक्रोशम् तत् यथा स्यात् तथा। अनुप्रधावितः अनुगतः (सन्)। अविच्छिन्नः सततगतिः पातः गमनम् यस्य

मार्ग जानने का इच्छुक होकर उस प्रदेश की ओर चला और उस आश्रम में आम के एक पौधे की छाँह में उद्वेग-युक्त कान्ति वाले तपस्वी को देखा। उसके द्वारा अतिथि की भाँति सम्मानित होकर और क्षण भर आराम कर बोला—'वे श्रीमान् मरीचि कहाँ हैं ? किसी कारण परदेश गये हुये मित्र के आने की दिशा उनसे जानना चाहता हूँ क्योंकि वे महर्षि चमत्कारी ज्ञान-सम्पत्ति वाले के रूप में पृथ्वी पर ख्यात हैं।' तब उसने गर्म और दीर्घ साँस छोड़कर कहा—'इस आश्रम में वैसे ऋषि थे। एक बार अङ्ग-पुरी की शिरोमणि काममञ्जरी-नामक वेश्या ने आँसू की बूँदों से तारे-युक्त स्तन लेकर उदासीन-भाव से समीप आकर पृथ्वी पर बिखरा हुआ केश-पाश बिछाकर उन्हें प्रणाम किया। उसी क्षण उसकी माता आदिक सगों की मण्डली दया के साथ दौड़ती हुई लगातार चलती हुई वहीं पहुँची। उन दयालु (ऋषि)

१, आशशंसे। २. पुर्यवतंस। ३. तद्दासीवर्गः। ४. अत्रनिपातम।

स्तं जनमार्द्रया[1]गिराश्वास्यार्तिकारणं तां गणिकामपृच्छत् । सा तु सव्रीडेव सविषादेव सगौरवेव चाब्रवीत्—'भगवन् , ऐहिकस्य सुखस्या[2]भाजनं जनोऽयमामुष्मिकाय श्वोवसीयायार्ताभ्युपपत्तिवित्तयोर्भगवत्पादयोर्मूलं शरणमभिप्रपन्नः' इति । तस्यास्तु जनन्युदञ्जलिः पलितशारशिखण्डबन्धस्पृष्टमुक्तभूमिरभाषत—'भगवन् , [3]अस्या मे दोषमेषा वो दासी विज्ञापयति । दोषश्च मम स्वाधिकारानुष्ठापनम् । एष हि गणिकामातुरधिकारो यद्दुहितुर्जन्मनः प्रभृत्येवाङ्गक्रिया, तेजोबलवर्णमेधासंवर्धनेन दोषाग्निधातुसाम्यकृता मितेनाहारेण शरीरपोषणम्, आपञ्चमाद्वर्षात्पितुरप्यनतिदर्शनम्, जन्मदिने पुण्यदिने चोत्सवोत्तरो मङ्गलविधिः,

---

तत् यथा स्यात् तथा । आर्द्रया करुणापूर्णया । गिरा वाण्या । आर्त्तेः दुःखस्य । गणिकाम् वेश्याम् । व्रीडया लज्जया सह सव्रीडा । ऐहिकस्य इह भवम् तस्य । अभाजनम् अपात्रम् । जनः (अयम्) अहम् । अमुत्र जातम् आमुष्मिकम् तस्मै पारलौकिकाय । श्वोवसीयाय कल्याणाय (श्वोवसीयं शिवं शुभम् इति हलायुधः) । आर्तानाम् पीडितानाम् अभ्युपपत्तिः अनुग्रहः तेन वित्तयोः प्रसिद्धयोः । मूलम् सामीप्यम् । अभिप्रपन्नः प्राप्तः । उद्गतः अञ्जलिः यस्याः सा ऊर्ध्वीकृताञ्जलिः । पलितेन वृद्धताजातया श्वेततया शारः चित्रः यः शिखण्डः केशपाशः तस्य बन्धः तेन स्पृष्टा पश्चात् च मुक्ता भूमिः यया तादृशी । अस्याः मम पुत्र्या आरोपितः । मे मम । वः युष्माकम् । दासी (अहम्) अधिकारे कर्त्तव्ये अनुष्ठापनम् प्रेरणम् । अङ्गक्रिया उद्वर्त्तनादि कर्म (अङ्गक्रिया यदङ्गेषु हरिद्रातैलमर्दनम् इति वात्स्यायने) । वर्णः कान्तिः । मेधा धारणावती बुद्धिः । संवर्धनेन पोषणेन । दोषाः वातपित्तश्लेष्माणः । अग्निः जठराग्निः । धातवः वसादि सप्त (वसासृङ्मांसमेदोऽस्थिमज्जाशुक्राणि धातवः ।) तेषाम् साम्यम् अवैषम्यम् तत्कृता तस्य कर्त्री । आ उत्तरम् (आङ् मर्यादाभिविध्योः इति पञ्चमी) । अनतिदर्शनम् अतिदर्शनस्य अभावः । उत्सवोत्तरः उत्सवप्रधानः । मङ्गलः माङ्गल्यस्य विधिः अनुष्ठानम् । अनङ्गविधानाम् कामप्रतिपादक-

---

ने उस जन-मण्डली को करुणा-पूर्ण वाणी से आश्वासन देकर उस वेश्या से दुःख का कारण पूछा । वह लज्जित-सी, विषाद-युक्त-सी और गौरवान्वित-सी बोली—'श्रीमन्, इस संसार के सुख के अयोग्य मैं पारलौकिक कल्याण के लिये दुखी जनों के ऊपर कृपा करने के लिये प्रसिद्ध आपके चरण तल की शरण में आई हूँ ।' उसकी माँ ने अञ्जलि ऊँची कर भूमि (को) बालों की सफेदी से अनेक रंग वाले केश-पाश के बन्धन से छूकर मुक्त करते हुये कहा—'श्रीमन् , यह आपकी सेविका इस (अपनी बेटी) के द्वारा लगाये गये अपने दोष आपको बतायेगी, अपने कर्त्तव्य में लगाती रहना (ही) मेरा दोष है । निश्चय ही वेश्या की माँ का निम्नलिखित कर्त्तव्य है । बेटी के जन्म से (ही) उबटन आदि लगाना, तेज, बल, कांति और बुद्धि को बढ़ाने वाले, दोष, अग्नि और धातुओं का अवैषम्य लाने वाले सीमित भोजन से शरीर का पोषण, पाँचवें बरस से पिता के भी दर्शनों की अति का अभाव, वर्ष-गाँठ और पुण्य दिन पर उत्सव प्रधान माङ्गलिक-कृत्य, शाखाओं-सहित काम-विद्याओं का अध्यापन, नाच,

---

१. गिरोत्थाप्य । २. भाजनम् । ३. अस्यां मे दोष एषा ।

अध्यापनमनङ्गविद्यानां साङ्गानाम्, नृत्यगीतवाद्यनाट्यचित्रास्वाद्यगन्धपुष्पकलासु लिपिज्ञानवचन[1]कौशलादिषु च सम्यग्विनयनम्, शब्दहेतुसमयविद्यासु[2]वार्तामात्रावबोधनम्, आजीवज्ञाने क्रीडाकौशले सजीवनिर्जीवासु च द्यूतकलास्वभ्यन्तरीकरणम्, अभ्यन्तरकलासु वैश्वासिकजनात्प्रयत्नेन प्रयोगग्रहणम्, यात्रोत्सवादिष्वादरप्रसाधितायाः स्फीतपरिवर्हायाः प्रकाशनम्, प्रसङ्गवत्यां संगीतादिक्रियायां पूर्वसंगृहीतैर्ग्राह्यवाग्भिः सिद्धिलम्भनम्, दिङ्मुखेषु तत्तच्छिल्पवित्तकैर्यशःप्रख्यापनम्, कार्तान्तिकादिभिः कल्याणलक्षणोद्घोषणम्, पीठमर्दविटविदूष-

विधानाम्। चित्रम् चित्ररचना। आस्वाद्यम् मिष्टान्नादि भोज्यम्। विनयनम् शिक्षणम्। शब्दः व्याकरणम्। हेतुः तर्कः। समयः ज्यौतिषदिशा (समयः ज्यौतिषः सिद्धान्तः इति भूषणा)। वार्तामात्रस्य सकलवृत्तान्तस्य अवबोधनम् ज्ञानम्। आजीवः जीविका। सजीवाः (द्यूतकलाः) कुक्कुटादियुद्धम्। निर्जीवाः (द्यूतकलाः) चतुरङ्गादयः। अभ्यन्तरीकरणम् स्वायत्तीकरणम्। अभ्यन्तरकलासु रतिक्रीडासु (साभ्यन्तरकला यत्तु स्पर्श्याङ्गस्पर्शनम् रतौ इति वात्स्यायनः)। वैश्वासिकजनात् प्रामाणिकपुरुषात्। प्रयोगस्य कर्त्तव्यतायाः ग्रहणम् शिक्षणम्। आदरेण (सज्जाकुशलैः) प्रसाधितायाः अलङ्कृतायाः (प्रसाधितोऽलङ्कृतश्च भूषितश्च परिष्कृतः इति वैजयन्ती)। स्फीतः परिवर्हः सेवकजनः (परिच्छदे नृपार्हेऽर्थे परिवर्हः इति अमरः)। प्रकाशनम् प्रकटनम्। प्रसङ्गवत्याम् कार्यविशेषेण संजातायाम्। पूर्वम् (धनादिना) संगृहीतैः स्वायत्तीकृतैः ग्राह्यवाग्भिः शिक्षकैः (ग्राह्यवागुपलालकः इति वैजयन्ती)। सिद्धेः सफलतायाः लम्भनम् प्रापणम्। दिङ्मुखेषु दिगन्तरेषु। तच्छिल्पवित्तकैः नानाकलानिष्णातैः प्रख्यापनम् उद्घोषणम्। कार्तान्तिकाः लक्षणज्ञाः। (वेश्यायाः) कल्याणभूतानाम् लक्षणानाम् उद्घोषणम्। पीठमर्दः अतिधृष्टः नायकप्रियः (सखा) (पीठमर्दोऽतिधृष्टे स्यान्नाट्योक्त्या नायकप्रिये इति विश्वः)। विटः विदूषकः च नायकस्य श्रृङ्गारसहायौ (श्रृङ्गारेऽस्य सहाया विटचेटविदूषकाद्याः स्युः इति साहित्यदर्पणः)।

गान, वाद्य, अभिनय, चित्र-रचना, (मिष्टान्नादि) भोज्य, गन्ध और पुष्प की कलाओं तथा लिपि-ज्ञान और भाषण-कुशलता आदि का भली-भाँति शिक्षण, व्याकरण, तर्क और ज्योतिष की विधाओं की सकल (या केवल) रूप-रेखा का ज्ञान, जीविका-ज्ञान, क्रीड़ा-कौशल, सजीव-द्यूत-कला (बाजी लगाकर मुर्गा आदि लड़ाना) और निर्जीव द्यूत-कला (बाजी लगाकर शतरंज आदि खेलना) पर अधिकार करना, रति-कला के व्यावहारिक ज्ञान का प्रयत्न-पूर्वक विश्वस्त व्यक्तियों से ग्रहण करना, यात्रा, उत्सव आदि पर (सजाने वालों के द्वारा) आदर-पूर्वक सजे और लाव-लश्कर से घिरे हुये रूप का प्रचार, पहले से नियुक्त शिक्षकों के द्वारा प्रसङ्ग-वश आई संगीत आदि की कलाओं के क्षेत्र में सफलता तक पहुँचाना, दिशाओं में विभिन्न शिल्पों के जानकारों के द्वारा कीर्ति का उद्घोष, लक्षणों के जानने वालों से (वेश्या के) कल्याणकारी लक्षणों का प्रचार, नायक के अतिधृष्ट प्रिय सखा, विट (श्रृङ्गार-सखा),

१. कौशलेषु। २. वार्तावार्तावबोधनम्।

कैर्भिक्षुक्यादिभिश्च नागरिकपुरुषसमवायेषु रूपशीलशिल्पसौन्दर्यप्रस्तावना, युवजनमनोरथलक्ष्यभूतायाः प्रभूततमेन शुल्केनावस्थापनम्, स्वतो रागान्धाय तद्भावदर्शनोन्मादिताय वा जातिरूपवयोऽर्थशक्तिशौचत्यागदाक्ष्यदाक्षिण्यशिल्पशीलमाधुर्योपपन्नाय स्वतन्त्राय प्रदानम्, अधिकगुणायास्वतन्त्राय प्राज्ञतमायाल्पेनापि बहुव्यपदेशेनार्पणम्, अस्वतन्त्रेण वा गान्धर्वसमागमेन तद्गुरुभ्यः शुल्कापहरणम्, अलाभेऽर्थस्य कामस्वीकृते [1]स्वामिन्यधि[2]करणे च साधनम्, रक्तस्य दुहित्रकचारिणीव्रतानुष्ठापनम्, नित्यनैमित्तिकप्रीतिदायकतया [3]हृतशिष्टानां गम्यधनानां चित्रै-

भिक्षुकी परिव्राजिका (श्रमणा भिक्षुकी मुण्डा इति हैमः)। नागरिकाः निपुणाः। समवायेषु समाजेषु। प्रस्तावना प्रख्यापनम्। मनोरथानां लक्ष्यभूता लक्ष्यम् एव (वेश्यायाः) प्रभूततमेन अतिशयेन बहुना। शुल्केन पणेन। अवस्थानम् (नायकस्य समीपे) स्थापनम्। स्वतः स्वयम् एव। रागेण अनुरागेण तस्याः भावानां विलासादीनाम् दर्शनेन उन्मादिताय उन्मादम् प्रापिताय। शौचम् शुद्धता। त्यागः दानम्। दाक्ष्यम् दक्षता। दाक्षिण्यम् सरलता। उपपन्नाय युक्ताय। स्वतन्त्राय स्वाधीनाय (नायकाय)। प्रदानम् (वेश्यायाः)। प्राज्ञतमाय अतिशयेन विदुषे। बहुव्यपदेशेन बहुदत्तम् इति व्यपदेशेन मिथ्याप्रचारेण। गन्धर्वसमागमेन गान्धर्वविवाहेन [इच्छयान्योन्यसंयोगः कन्यायाश्च वरस्य च। गान्धर्वः स तु विज्ञेयः...॥ (मनुस्मृति ३।३२)] तस्य नायकस्य गुरुभ्यः गुरुजनेभ्यः पित्रादिभ्यः। अपहरणम् ग्रहणम्। कामेन मैत्र्याः स्वीकृते आयत्तीकृते स्वामिनि अधिकारिणि (न्यायालयस्य)। अधिकरणे व्यवहारालये (न्यायालये) साधनम् लक्ष्यसिद्धिः। रक्तस्य अनुरक्तम् प्रति। एकचारिणीव्रतम् पातिव्रत्यम्। अनुष्ठापनम् प्रवर्तनम्। नित्यदायकतया (उपहारैः) नैमित्तिकदायकतया प्रीतिदायकतया। हृतशिष्टानाम् गृहीतावशिष्टानाम्। गम्यानाम् भुजङ्गानाम् (गम्यो विटः पाल्लविको भुजङ्गः इति भागुरिः)।

विदूषक (शृंगार-सखा) तथा परिव्राजिका आदि के द्वारा नागरिकों के समूहों में (वेश्या के) सौन्दर्य, स्वभाव, कला, सुन्दरता और मधुरता की चर्चा कराना, जब (वेश्या) युवकों के मनोरथ का केन्द्र-बिन्दु बन जाय तब अत्यन्त प्रचुर फीस से (वेश्या को) (नायक के) साथ कर देना, स्वयं ही प्रेम से अन्धे, उस-(वेश्या) के विलासादि के अवलोकन से पागल कर दिये गये जाति, रूप, उम्र, धन, शक्ति, पवित्रता, दान, कुशलता, सरलता, कला, स्वभाव और मधुरता से युक्त स्वतंत्र व्यक्ति को सौंप देना, अधिक गुणी, पराधीन और अतिशय विद्वान् को थोड़ा भी लेकर "बहुत लिया है" प्रचार कर सौंप देना, पराधीन से गान्धर्व रीति से विवाह कर उसके गुरुजनों (माता-पिता आदि) से शुल्क ऐंठना, धन न मिलने पर मैत्री से यदि (प्रेमी) अनुरागी हो तो उसके लिये पुत्री से पातिव्रत्य-धर्म पालन कराना, नित्य-रूप, नैमित्तिक-रूप और स्नेह से मिले उपहारों से लिये धन से प्रेमी का जो धन बचे, उसका अद्भुत उपायों से अपहरण करना, जो (प्रेमी) धन न दे और विशेष लालची हो

१. प्रभौ। २. अधिकृगुणे। ३. आहृत।

रुपायैरपहरणम्, अददता लुब्धप्रायेण च विगृह्यासनम्, प्रतिहस्तिप्रोत्साहनेन लुब्धस्य रागिणस्त्यागशक्तिसंधुक्षणम्, असारस्य वाक्संतक्षणैर्लोकोपक्रोशनैर्दुहितृनिरोधनैर्व्रीडोत्पादनैरन्याभियोगैरवमानैश्चापवाहनम्, अर्थदैरनर्थप्रतिघातिभिश्चानिन्द्यैरिभ्यै[1]रनुबद्धार्थानर्थसंशयान्विचार्य भूयो भूयः संयोजनमिति। गणिकायाश्च गम्यं प्रति सज्जतैव न सङ्गः। सत्यामपि प्रीतौ न मातुर्मातृकाया वा शासनातिवृत्तिः। एवं स्थितेऽनया प्रजापतिविहितं स्वधर्ममुल्लङ्घ्य क्वचिदागन्तुके रूपमात्रधने विप्रयूनि स्वेनैव धनव्ययेन रममाणया मासमात्रमत्यवाहि। गम्यजनश्च भूयानर्थयोग्यः प्रत्याचक्षाणयानया प्रकोपितः। स्वकुटुम्बकं चावसादितम् 'एषा कुमतिर्न कल्याणी' इति निवारयन्त्यां मयि वनवासाय कोपात्प्र-

चित्रैः अद्भुतैः। लुब्धप्रायेण प्रायशो लोलुपेन। विगृह्य विरोध्य। असनम् क्षेपणम् (त्यागः)। प्रतिहस्तिना प्रातिवेश्येन (प्रतिहस्ती प्रातिवेश्यः इति वैजयन्ती)। त्यागशक्तेः दानबलस्य संधुक्षणम् उद्दीपनम्। न सारः धनम् यस्य तस्य। वाक्संतक्षणैः वचनतिरस्कारैः। लोकेषु उपक्रोशनैः निन्दया। निरोधनैः निवारणैः। व्रीडायाः लज्जायाः उत्पादनैः प्रदानैः। अन्येन अभियोगैः योजनैः। अवमानैः अपमानैः अपवाहनम् दूरीकरणम्। प्रतिघातिभिः निवारकैः। इभ्यैः धनिकैः। अनुबद्धान् संबद्धान् (संशयान्)। गम्यम् भुजङ्गम्। सज्जता तत्परता। मातृकायाः मातामह्याः (मातुर्माता तु मातृका इति वैजयन्ती)। अतिवृत्तिः त्यागः। क्वचित् कस्मिन्नपि। रूपम् सौन्दर्यम् एव धनम् यस्य सः। यूनि युवके। अत्यवाहि नीतम्। गम्यजनः भुजङ्गाः। भूयान् प्रचुरः। अर्थयोग्यः धनदाने समर्थः। प्रत्याचक्षणया प्रत्याख्यानं कुर्वत्या। अनया (काममञ्जर्या)। अवसादितम् नाशितम्। कल्याणी शुभप्रदा। अहार्यः ध्रुवः निश्चयः इच्छा।

उसे विरोध कर निकाल देना, पड़ोसी के द्वारा प्रोत्साहन दिलाकर लोभी और अनुरागी व्यक्ति की दान-शक्ति को उकसाना, वाणी से तिरस्कार कर समाज में निन्दा कर, लड़की को रोककर, (प्रेमी को) लज्जित कर, (कन्या को) दूसरे के साथ कर और अपमान से दूर कर देना, अर्थ और अर्थाभाव से संबद्ध संशयों पर विचार कर धन देने वाले, आपत्ति दूर करने वाले और अनिन्दनीय धनिकों से बार-बार मिलन कराना। प्रेमी के प्रति गणिका को आकृष्ट ही होना चाहिये; आसक्ति नहीं करनी चाहिये। प्रेम के होने पर भी माँ या नानी की आज्ञा का उल्लंघन नहीं करना चाहिये। ऐसी स्थिति में (भी) इस-(काममंजरी) ने विधि के विधान से बने अपने धर्म का उल्लंघन कर किसी अपरिचित, केवल सौन्दर्य-धन वाले ब्राह्मण युवक के साथ विहार करती हुई अपने ही पैसे खर्च कर एक माह बिताया। बहुत से धन-दान-समर्थ प्रेमियों को निराकरण कर इसने नाराज (कर दिया है) और अपने परिवार को नष्ट कर दिया है। 'यह कुमति कल्याणकर नहीं है' यह कहकर मेरे रोकने पर

१. अन्यः।

स्थिता। सा चेदियमहार्यनिश्चया सर्व एष जनोऽन्नैवानन्यगतिरनशनेन संस्थास्यते' इत्यरोदीत्[1]।

अथ सा वारयुवतिस्तेन 'भद्रे, ननु दुःखाकरोऽयं वनवासः। तस्य फलमपवर्गः स्वर्गो वा। प्रथमस्तु तयोः प्रकृष्टज्ञानसाध्यः प्रायो दुःसंपाद एव, द्वितीयस्तु सर्वस्यैव सुलभः कुलधर्मानुष्ठायिनः। तदशक्यारम्भादुपरम्य मातुर्मते वर्तस्व' इति सानुकम्पमभिहिता[2]। 'यदीह भगवत्पादमूलमशरणम्, शरणमस्तु मम कृपणाया हिरण्यरेता देव एव' इत्युदमनायत। स तु मुनिरनुविमृश्य गणिकामातरमवदत्—'संप्रति गच्छ गृहान्। प्रतीक्षस्व कानिचिद्दिनानि यावदियं सुकुमारा सुखोपभोगसमुचिता सत्यरण्यवास[3]व्यसनेनोद्वेजिता भूयोभूयश्चास्माभिर्विबोध्यमाना प्रकृतावेव स्थास्यति' इति। 'तथा' इति तस्याः प्रतियाते

न अन्या गतिः उपायः यस्य तादृशः। अनशनेन उपवासेन। संस्थास्यते मरिष्यति।

वारयुवतिः वेश्या। भद्रे (हे) कल्याणि। ननु अहो। दुःखानाम् आकरः उत्पत्तिस्थानम्। अपवर्गः मोक्षः। प्रथमः (मोक्षः)। प्रकृष्टम् उत्कृष्टम्। दुःसंपादः दुःसाध्यः। कुलधर्मानुष्ठायिनः स्ववंशोचितकर्मकारिणः। अशक्यः असंभवः आरम्भः यस्य तस्मात् (तपसः)। उपरम्य निवृत्य। मते वर्तस्व आज्ञाम् पालय। अनुकम्पया करुणया सह वर्तमानं तत् यथा स्यात् तथा। अभिहिता कथिता। अशरणम् अरक्षकम्। कृपणायाः दुःखितायाः। हिरण्यरेताः अग्निः। उदमनायत उन्मनाः अभवत्। अनुविमृश्य विचार्य। गृहान् गृहम् (गृहाः पुंसि च भूम्न्येव इति अमरः)। सुकुमारा सुकोमला। समुचिता योग्या। व्यसनेन सङ्कटेन। उद्वेजिता व्याकुला। विबोध्यमाना उपदिश्यमाना। प्रकृतौ स्वभावे। प्रतियाते प्रतिनिवृत्ते। धौतम् यत् उद्गमनीयम्[4] वस्त्रयुगलम्

गुस्से से जङ्गल में रहने के लिये चल पड़ी है। यदि यह निश्चय दृढ़ किये रही तो ये सारे लोग अन्य उपाय न देखकर उपवास से मर जायेंगे। (यह) कहकर रोने लगी।

फिर वह वेश्या उस (मुनि) के द्वारा—'हे कल्याणी, यह वन में रहना दुःख का जनक है। उसका फल मोक्ष या स्वर्ग है। उनमें से पहला (मोक्ष) उत्कृष्ट ज्ञान से संभव और सामान्यतः सम्पन्न करना असंभव है और दूसरा (स्वर्ग) उन सभी व्यक्तियों को सुलभ है जो अपने वंश-धर्म का अनुष्ठान करने वाले हैं अतः असंभव-प्रयत्न वाले (इस) काम से विरत होकर मां के कहे में रहो।' इस प्रकार करुणा-पूर्वक कही गई हुई 'अगर इस संसार में श्रीमान् (आप-) के चरण-तल अरक्षक हैं तो मुझ दुःखिनी की शरण भगवान् अग्नि ही हों' (यह) कहकर उन्मन हो गई। उधर ऋषि ने विचार कर वेश्या की माँ से कहा—"फिलहाल घर जाओ। कुछ दिन राह देखो; तब तक यह अत्यन्त कोमल, सुख भोगने के योग्य वन-वास के संकट से पीड़ित होती हुई और मेरे द्वारा बार-बार समझाई जाकर सामान्य अवस्था में रहने लगेगी।" 'ठीक है' इस प्रकार उस-(वेश्या) के स्वजनों के वापस जाने पर बहुत

१. अवादीत्। २. अभिहिता। सा तु प्रत्यवादीत्। ३. वासोद्वेजिता।
४. उद्गमनीय=धौत वस्त्र-युगल। यहाँ "धौत" का अलग से भी प्रयोग होने से अर्थ "वस्त्र-

स्वजने सा गणिका तन्मुषिमलघुभक्तिर्धौतोद्गमनीयवासिनी नात्यादृतशरीरसंस्कारा वनतरुपोतालवालपूरणैर्देवतार्चनकुसुमो[1]च्चयावचयप्रयासैर्नैक[2]विकल्पोपहारकर्मभिः कामशासनार्थं च गन्धमाल्यधूपदीपनृत्यगीतवाद्यादिभिः क्रियाभिरेकान्ते च त्रिवर्गसंबन्धिनीभिः कथाभिरध्यात्मवादैश्चानु[3]रूपैरल्पीयसैव कालेनान्वरञ्जयत् ।

एकदा च रहसि रक्तं तमुपलक्ष्य 'मूढः खलु लोको यत्सह धर्मेणार्थकामावपि गणयति' इति किंचिदस्मयत । 'कथय वासु, केनांशेनार्थकामातिशायी धर्मस्तवाभिप्रेतः' इति प्रेरिता मरीचिना लज्जामन्थरमारमताभिधातुम्— इतः किल जनाद्भगवतस्त्रिवर्गबलाबलज्ञानम् । अथवैतदपि प्रकारान्तरं दासजनानुग्रहस्य ।

तव् वस्ते सा तद्वासिनी (तव् स्यादुद्गमनीयं यद्धौतयोर्वस्त्रयोर्युगम् इति अमरः) । शरीरसंस्कारः शृङ्गारः । तरुपोताः बालवृक्षाः । उच्चयः समूहः । अवचयः ग्रहणम् (उच्चयस्तरोरादानमवचयो भूमेः इति भूषणा) । नैकाः अनेकाः विकल्पाः भेदाः (विकल्पः संशये भेदे इति वररुचिः) येषाम् तैः । उपहारः पूजा । कामशासनः रुद्रः तदर्थे तन्निमित्तम् (कामशासनार्थे कामोद्दीपनार्थे च इति भूषणा) । त्रिवर्गः धर्मार्थकामाः । आत्मानमधिकृत्य ये वादाः अध्यात्मवादाः तत्त्वज्ञानकथाः । अनुरूपैः उचितैः । अन्वरञ्जयत् अनुरक्तम् अकरोत् ।

रहसि एकान्ते । रक्तम् अनुरक्तम् । उपलक्ष्य उद्दिश्य । अस्मयत स्मितम् अकरोत् । (हे) वासु बाले ('अथ बाला स्याद् वासुः' इति अमरः) । अंशेन प्रकारेण । अर्थकामातिशायी अर्थकामौ अतिशेते अतिक्रम्य वर्तते । अभिप्रेतः संमतः । लज्जामन्थरम् लज्जया च मन्थरम् मन्दम् यथा स्यात् तथा । अभिधातुम् वक्तुम् । इतः मत्तः । भगवतः श्रीमतः (तव) ।

कम अवधि के अन्दर-अन्दर उस वेश्या ने प्रचुर भक्ति-युक्त होकर धुले कपड़ों का जोड़ा पहनकर और अपने शृंगार की भी बहुत परवाह न कर जंगल के पौधों के थाले भरने से, देवताओं की पूजा के लिये फूल इकट्ठे करने और उठाकर लाने के प्रयत्नों से, भिन्न-भिन्न प्रकार के पूजा-कार्यों से, महादेव के निमित्त सुगंधित द्रव्य, धूप, दीप, नाच, गान और वाद्य आदि से युक्त क्रियाओं से और एकान्त में धर्म, अर्थ और काम से संबद्ध कथाओं और उचित अध्यात्म-चर्चाओं से अनुरक्त कर दिया ।

एकबार एकान्त में उस (मुनि को अपने प्रति) अनुरक्त देखकर (वह) उन्हें लक्षित कर 'समाज निश्चित रूप से बुद्धू है जो धर्म के साथ अर्थ और काम को भी गिनता है' (यह) कहकर मुस्कराई । 'बाले, बताओ किस प्रकार तुमने माना कि धर्म अर्थ और काम से ऊपर है ।' इस प्रकार मरीचि के द्वारा प्रेरित होकर (वह) लाज से धीरे-धीरे बोलने लगी— 'निश्चय ही मुझसे श्रीमान् (आप-) का ज्ञान धर्म, अर्थ और काम के उत्कर्ष और अपकर्ष के विषय में अधिक है । या यों कहें कि प्रकारान्तर से यह भी मुझ सेवक पर कृपा है ।

युगल" हो जायेगा (विशिष्टवाचकानां पदानां सति पृथग् विशेषणे विशेष्यमात्रपरत्वम्) ।

१. कुसुमसमुच्चय० । २. अनेक । ३. अनुकूलैः ।

भवतु, श्रूयताम् । ननु धर्मादृतेऽर्थकामयोरनुत्पत्तिरेव । तदनपेक्ष एव [1]धर्मो निर्वृत्तिसुखप्रसूतिहेतुरा[2]त्मसमाधानमात्रसाध्यश्च । सोऽर्थकामवद्बाह्यसाधनेषु नात्यायतते । तत्त्वदर्शनोपबृंहितश्च[3] यथाकथंचिदप्यनुष्ठीयमानाभ्यां नार्थकामाभ्यां बाध्यते । बाधितोऽपि चाल्पायासप्रतिसमाहितस्तमपि दोषं निर्हृत्य श्रेयसेऽनल्पाय कल्पते । तथाहि । पितामहस्य तिलोत्तमाभिलाषः, भवानीपतेर्मुनिपत्नीसहस्रसंदूषणम् पद्मनाभस्य षोडशसहस्रान्तःपुरविहारः, प्रजापतेः स्वदुहितर्यपि प्रणयप्रवृत्तिः, शचीपतेरहल्याजारता, शशाङ्कस्य गुरुतल्पगमनम्, अंशुमालिनो बडवा-

---

बलाबलयोः उत्कर्षस्य अपकर्षस्य च । ऋते विना । निवृत्त्याः यत् सुखम् तस्य या प्रसूतिः जन्म तस्याः हेतुः । आत्मनः स्वस्य समाधानमात्रेण एकाग्रतया एव साध्यः सम्पाद्यः । सः (धर्मः)। अत्यायतते अत्यधीनो भवति । तत्त्वस्य यथार्थस्य दर्शनेन विचारेण उपबृंहितः वर्द्धितः । यथाकथञ्चिदपि केनापि प्रकारेण अनुष्ठीयमानाभ्याम् सेव्यमानाभ्याम् । बाध्यते प्रतिहन्यते । प्रतिसमाहितः समाधानम् प्रापितः । निर्हृत्य दूरीकृत्य । अनल्पाय श्रेयसे मोक्षाय । कल्पते समर्थः भवति । तथा हि यथा । संदूषणम् गमनम् । पद्मनाभस्य कृष्णस्य । अन्तःपुरम् स्त्रीवर्गः । प्रणयेन प्रीत्या प्रवृत्तिः प्रवर्तनम् । शचीपतेः इन्द्रस्य । अहल्या गौतमपत्नी । जारः उपपतिः । गुरोः बृहस्पतेः तल्पम् भार्या ('तल्पं शय्याट्टदारेषु' इति अमरः) । अंशुमालिनः सूर्यस्य । बडवा

अस्तु । सुनिये । निश्चय ही धर्म के बिना अर्थ और काम की उत्पत्ति का अभाव ही होता है । मोक्ष-सुख को जन्म देने वाला और अपनी एकाग्रता से ही सम्पादित होने-योग्य धर्म उन दोनो (अर्थ और काम) का मुखापेक्षी नहीं होता । अर्थ और काम की तरह वह (धर्म) बाहरी उपायों के बहुत अधीन नहीं होता । यथार्थ के विचार से उस (धर्म) की वृद्धि होती है और किसी प्रकार से भी अपनाये जा रहे अर्थ और काम से बाधित नहीं होता । वह (धर्म) बाधित होकर भी थोड़े प्रयत्न से (ही) समाधान प्राप्त कर उस दोष को भी दूर कर परम कल्याण (मोक्ष) देने में समर्थ होता है; उदाहरणार्थः पितामह (ब्रह्मा) का तिलोत्तमा (नामक अप्सरा) पर इच्छा, पार्वती-पति (शङ्कर) का हजारों मुनि-पत्नियों का धर्म बिगाड़ना, कृष्ण का सोलह हजार स्त्रियों[4] के साथ विहार करना, प्रजापति (ब्रह्मा) का अपनी कन्या[5] (संध्या = सरस्वती) के प्रति भी प्रेम होना, शचीपति (इन्द्र)

---

१. सः धर्मः । २. आत्मनः तमा० । ३. ०तस्तु ।

४. सोलह हजार पत्नियों का वर्णन भागवत १०।५९।३३ व ६९।८।४४ में आया है ।

५. कालिका पुराण व महिम्नस्तोत्र (श्लोक २२) में कथा आती है कि ब्रह्मा अपनी पुत्री संध्या पर आसक्त होकर बढ़े । संध्या हिरनी बन गई । वे हिरन बन पीछे लगे । शिव ने देखकर ब्रह्मा को दण्ड देने के लिये पीछा किया और बाण चलाया । ब्रह्मा का सिर कटकर मृगशिरा नक्षत्र बनकर स्थित है; वहीं आर्द्रा नक्षत्र बनकर शिव-बाण भी है । कुमारिलभट्ट के अनुसार इस प्रतीक कथा का आशय है प्रजापति (सूर्य) का प्रातः अपनी पुत्री उषा की ओर पहुँचना ।

लङ्घनम्, अनिलस्य केसरिकलत्रसमागमः, बृहस्पतेरुतथ्यभार्याभिसरणम्, पराशरस्य दाशकन्यादूषणम्, पाराशर्यस्य भ्रातृदारसंगतिः, अत्रेर्मृगीसमागम इति।

अश्विनी तस्याः लङ्घनम् गमनम्। अनिलस्य वायोः। केसरिणः वानरराजस्य (अञ्जनापतेः) कलत्रेण भार्यया समागमः सङ्गमः। उतथ्यस्य (ज्येष्ठभ्रातुः)। अभिसरणम् गमनम्। पराशरस्य व्यासपितुः। दाशः कैवर्तः तस्य कन्या सत्यवती तस्याः दूषणम् गमनम्। पाराशर्यस्य पराशरपुत्रस्य (व्यासस्य)। भ्रातुः (विचित्रवीर्यस्य) दारेषु भार्ययोः संगतिः। अत्रेः (मुनेः)।

का अहल्या (गौतम की पत्नी) का प्रेमी[1] होना, चन्द्रमा का गुरु (अपने गुरु बृहस्पति) की पत्नी (तारा) से गमन,[2] अंशुमाली (सूर्य) का घोड़ी (अश्विनी) पर[3] टूटना,

१. वैदिक प्रतीक-कथा के अनुसार इन्द्र सूर्य रूप में उषा के पास जाते हैं। उषा को अहल्या मानकर पुराणों में इन्द्र को अहल्या-प्रेमी दिखाया गया है। रामायण की एक कथा के अनुसार अहल्या इन्द्र के फुसलाने में आ गई थी, पर दूसरी और अधिक प्रसिद्ध कथा के अनुसार अहल्या को इसलिये धोखा हुआ क्योंकि इन्द्र ने अहल्या-पति गौतम के स्नानार्थ बाहर जाने पर गौतम का रूप धारण कर धोखा दिया था। एक अन्य कथा के अनुसार इस धोखा-धड़ी में चन्द्रमा ने कव्वा बनकर सहयोग किया था। मध्य-रात्रि में बोलकर उसने गौतम को भ्रम में डाला कि सबेरा हो गया। वे नहाने निकले तो इन्द्र ने उनका रूप धारण कर अहल्या को धोखा दिया। बाद में गौतम को पता चला और उन्होंने अहल्या को पत्थर हो जाने का शाप दिया और तब तक उस अवस्था में रहना निश्चित किया जब तक राम के पैर का स्पर्श न हो जाय। बाद में राम के पैर के छूने से पत्थर अहल्या बना। "तन्त्रवार्तिक" में कुमारिलभट्ट ने बताया है कि तेज इन्द्र है और सबेरा होने पर लीन हो रही रात अहल्या है। यह व्याख्या वैदिक कथा से मिलती-जुलती है।

२. एक बार चन्द्रमा (सोम) ने राजसूय यज्ञ किया और इतना स्वेच्छाचारी हो गया कि देवताओं के गुरु बृहसपति की पत्नी तारा को छीन लिया। बृहस्पति और ब्रह्मा के कहने का कोई असर न होने पर युद्ध हुआ। जिसमें शङ्कर के त्रिशूल से चन्द्रमा का शरीर दो टुकड़े हो गया। ब्रह्मा के हस्तक्षेप से शांति हुई और चन्द्रमा ने तारा को बृहस्पति को वापस कर दिया। चन्द्रमा और तारा के संयोग से बुध नक्षत्र का जन्म हुआ। (विष्णुपुराण ६.६)। खगोल के विद्वानों के अनुसार बुध के जन्म पर यह पौराणिक कथा रची गई है।

३. विश्वकर्मा की पुत्री संज्ञा सूर्य को ब्याही थी। पति का तेज न सह पाने से अपनी गृहस्थी छाया को सौंपकर वह घोड़ी के रूप में जंगल में तप करने लगी। सूर्य ने घोड़े के रूप में अनुगमन किया। इस अश्व-दम्पति से दो अश्विनीकुमारों का जन्म हुआ। एक दूसरी कथा के अनुसार संज्ञा अपने मायके जाना चाहती थी। पति की अनुमति न होने से दैवी शक्ति से अपनी प्रतिकृति (छाया) बनाकर घर छोड़ गई। यह छाया कहलाई और इससे ३ पुत्र हुये। जब संज्ञा लौटी, पति ने स्वीकार नहीं किया। तब संज्ञा घोड़ी के रूप में पृथ्वी पर

अमराणां च तेषु तेषु कार्येष्वासुरविप्रलम्भनानि ज्ञानबलान्न धर्मपीडामावहन्ति। धर्मपूते च मनसि नभसीव न जातु रजोऽनुषज्यते। तन्मन्ये नार्थकामौ धर्मस्य

आसुरविप्रलम्भनानि अकृत्याचरणानि ('अकृत्याचरणं यत्तदासुरं विप्रलम्भनम्' इति अजयः)। बलात् प्राबल्यात्। पीडाम् बाधाम्। आवहन्ति जनयन्ति। जातु कदाचित्। रजः रजोगुणः

वायु[1] का केसरी-पत्नी (अञ्जना) से समागम, बृहस्पति[2] का (अपने बड़े भाई) उतथ्य की पत्नी से सङ्गम, पराशर[3] का धीवर की बेटी (योजनगंधा; सत्यवती) को बरबाद करना, पराशर-पुत्र[4] (व्यास) का भाई (विचित्रवीर्य) की स्त्रियों का उपभोग करना, अत्रि[5] का

विचरण करने लगी। बाद में सूर्य को पता चला और वे घोड़े के रूप में ढूँढ़ने गये। शेष कथा पूर्ववत् है।

१. पुञ्जिकस्थली नाम की अप्सरा शाप-वश मर्त्य-लोक में वानरी के रूप में पैदा हुई और कपि-राज केसरी की पत्नी अन्जना हुई। एक बार मनुष्य-रूप में पर्वत-शिखर पर बैठी थी कि वायु ने आकृष्ट होकर प्रेम-प्रस्ताव किया। अन्जना इस शर्त पर राजी हुई कि दैव बल से सतीत्व अक्षुण्ण रहे। यह शर्त वायु ने मान ली। दोनो के सम्पर्क से हनुमान् का जन्म हुआ जो पवन-पुत्र या मारुत कहलाये और पिता पवन के समान ही बली हुये।

२. उतथ्य अंगिरा के पुत्र और बृहस्पति तथा संवर्त के बड़े भाई थे। उनकी पत्नी का नाम ममता था। बृहस्पति के पुत्र भरद्वाज इसी ममता से उत्पन्न हुये हैं। एक बार ममता प्रसववती थी। बृहस्पति ने प्रेम-प्रस्ताव रखा। उसने प्रसवावस्था बताकर विरोध किया पर बृहस्पति नहीं माने। गर्भ के अंदर से शिशु ने भी विरोध किया जिस पर क्रुद्ध होकर बृहस्पति ने शाप दिया कि सदा अंधकार ग्रस्त रहो। शिशु अंधा पैदा हुआ और दीर्घतमा कहलाया।

३. शान्तनु की पत्नी सत्यवती की कथा महाभारत (आदिपर्व ६४) में आती है। उसे दाश (केवट)-राज ने पाला था। कुमारी-अवस्था में वह पिता की नाव पर यात्रियों को बैठाकर नदी-पार कराती थी। एक बार ऋषि पराशर नाव पर बैठे और बीच नदी में आसक्त होकर उन्होंने सत्यवती के लज्जा करने पर तपोबल से अंधकार कर दिया। दोनो से व्यास का जन्म हुआ। सत्यवती ने यह शर्त पूरी कराई कि कुमारीत्व अक्षुण्ण रहेगा भले ही संतान हो जाय।

४. सत्यवती और शान्तनु के पुत्र विचित्रवीर्य संतान-रहित मरे। सत्यवती ने अपने पुत्र व्यास का स्मरण किया और उनके विचित्र-वीर्य की पत्नियों—अम्बिका और अम्बालिका—व एक दासी के गर्भ से क्रमशः धृतराष्ट्र, पाण्डु और विदुर पैदा हुये।

५. अत्रि प्रसिद्ध ऋषि हैं। स्वायंभुव मन्वन्तर में १० प्रजापतियों में से एक थे। इस मन्वन्तर (वैवस्वत) के आरंभ में वे अग्नि-शिखा के रूप में पैदा हुये थे। दोनो जन्मों में इनकी पत्नी सती अनसूया हुई। पहले जन्म में दत्त, दुर्वासा और सोम उनके पुत्र थे। इन्होंने अनेक वैदिक ऋचाओं की रचना की है।

शततमीमपि कलां स्पृशत.' इति ।

श्रुत्वैतदृषिरुदीर्णरागवृत्तिरभ्यधात्—'अयि विलासिनि, साधु पश्यसि न धर्मस्तत्त्वदर्शिनां विषयोपभोगेनोपरुध्यत इति । किं तु जन्मनः प्रभृत्यर्थकामवार्तानभिज्ञा वयम् । ज्ञेयौ चेमौ किंरूपौ किंपरिवारौ किंफलौ च' इति । सा त्ववादीत्—'अर्थस्तावदर्जनवर्धनरक्षणात्मकः, कृषिपाशुपाल्यवाणिज्यसंधिविग्रहादिपरिवारः तीर्थप्रतिपादनफलश्च । कामस्तु [1]विषयातिसक्तचेतसोः स्त्रीपुंसयोर्निरतिशयसुखस्पर्शविशेषः । परिवारस्त्वस्य यावदिह रम्यमुज्ज्वलं[2] च । फलं पुनः परमाह्लादनम्, परस्परविमर्दजन्म, स्मर्यमाणमधुरम्, उदीरिताभिमानमनुत्तमम्,[3] सुखमपरोक्षं स्वसंवेद्यमेव । तस्यैव कृते विशिष्टस्थानवर्तिनः कष्टानि तपांसि, महान्ति

(अन्यत्र धूलिः) । अनुषज्यते लिप्तम् भवति ।

उदीर्णा वृद्धिम् प्राप्ता रागस्य अनुरागस्य वृत्तिः व्यापारः यस्य सः । अभ्यधात् अवदत् । अयि (कोमलामन्त्रणे, सानुरागोक्तिः) । परिवारः अङ्गम् । पाशुपाल्यम् पशुपालनम् । तीर्थेषु पात्रेषु प्रतिपादनम् दानम् । निरतिशयः श्रेष्ठः । यावत् (साकल्ये) । विमर्दः आलिङ्गनादिघर्षणम् । स्मर्यमाणम् अपि मधुरम् (का कथा भुज्यमानस्य) । उदीरितः उद्दीपितः अभिमानः अहङ्कारः यत्र तादृशम् । न विद्यते उत्तमम् यस्मात् तत् अनुत्तमम् । अपरोक्षम् प्रत्यक्षम् ।

हिरनी से रमण । ज्ञान की प्रबलता के कारण देवताओं के भिन्न-भिन्न कार्यों में अकर्म का आचरण (भी) धर्म-बाधा पैदा नहीं करता । धर्म से पवित्र हुये मन में रज (रजोगुण) उसी तरह कदापि लिप्त नहीं होती जिस तरह आकाश में रज (धूल) कभी लिप्त नहीं होती, इसलिये अर्थ और काम धर्म के सौवें अंश को भी नहीं पा सकते ।

यह सुनकर उत्तेजित अनुराग-प्रवृत्ति वाले ऋषि ने कहा—'अरी विलासिनी, ठीक विचार कर रही हो । तत्त्वदर्शियों के विषय-भोग से धर्म को बाधा नहीं पहुँचती । पर (एक कठिनाई है) जन्म से ही मैं अर्थ और काम की चर्चा से अपरिचित हूँ । जानना है कि इनका स्वरूप क्या है । (इनके) अङ्ग कौन-कौन हैं और (इनका) फल क्या है' । वह बोली—'अर्थ का विषय है कमाना, (धन) बढ़ाना और (धन) रक्षा, इसके अङ्ग हैं; खेती, पशु-पालन, वाणिज्य, संधि, विग्रह (लड़ाई) आदि; इसका फल है योग्य व्यक्ति को दान देना । काम, सांसारिक विषयों में अत्यंत आसक्त चित्त वाले स्त्री-पुरुष का अतीव सुखकारी उत्कृष्ट स्पर्श है । इसके अङ्ग इस संसार के सभी रमणीय और उज्ज्वल पदार्थ हैं और फल प्रत्यक्ष और केवल स्वानुभूति-लभ्य सुख है । उस सुख में परम-आह्लाद रहता है । एक-दूसरे के (आलिङ्गनादि) घर्षण से वह उत्पन्न होता है । याद करने (भर) से वह मधुर होता है (व्यवहार की बात ही दूसरी है), इसमें अभिमान को बढ़ावा मिलता है । इससे बढ़कर

१. अभिषक्त, अभिव्यक्ता । २. उज्ज्वलं च वस्तु । ३. अनुत्तमसुखम् ।

दानानि, दारुणानि युद्धानि, भीमानि समुद्रलङ्घनादीनि च नराः समाचरन्ति' इति।

निशम्यैतन्निय[1]तिबलान्नु तत्पाटवान्नु स्वबुद्धिमान्द्यान्नु स्वनियममनादृत्य तस्यामसौ प्रासजत्। सा सुदूरं मूढात्मानं च तं प्रवहणेन नीत्वा पुरमुदारशोभया राजवीथ्या स्वभवनमनैषीत्। अभूच्च घोषणा 'श्वः कामोत्सवः' इति। उत्तरेद्युः स्नातानुलिप्तमारचितमञ्जु[2]मालमारब्धकामिजनवृत्तं निवृत्तस्ववृत्ताभिलाषं क्षणमात्रगतेऽपि तया विना [3]दूयमानं तमृद्धिमता राजमार्गेणोत्सवसमाजं नीत्वा क्वचिदुपवनोद्देशे युवतिजनशतपरिवृतस्य राज्ञः संनिधौ स्मितमुखेन[4] तेन 'भद्रे, भगवता सह निषीद' इत्यादिष्टा सविभ्रमं कृतप्रणामा सस्मित न्यषीदत्। तत्र काचि-

संवेद्यम् अनुभवलभ्यम्। तस्य (सुखस्य)। कृते अर्थे (अर्थे कृतेऽव्ययं तावत्तादर्थ्ये वर्तते द्वयम् इति कोषः)। स्थानम् पदम् वासस्थानम् वा।

निशम्य श्रुत्वा। नियतेः दैवस्य। पाटवात् नैपुण्यात्। मान्द्यात् मन्दतातः। नियमम् तपः। प्रासजत् प्रसक्तः अभवत्। प्रवहणेन कर्णीरथसंज्ञकेन वाहनेन। उदारा विशाला शोभा यस्याः तया। राजवीथ्या राजमार्गेण। घोषणा डिण्डिमः। श्वः आगामिनि दिने। उत्तरेद्युः अन्यस्मिन् दिने। आरचिता धृता मञ्जुः मनोहरा माला येन तम्। वृत्तम् आचरणम्। निवृत्तः दूरीकृतः स्वस्य वृत्ते आचरणे (तपसि) अभिलाषः इच्छा येन तम्। गते गमने (यापने)। दूयमानम् खिद्यमानम्। ऋद्धिमता समृद्धेन। समाजम् सभाम्। उद्देशे प्रदेशे। राज्ञः चम्पापतेः (सिंहवर्मणः)। संनिधौ सामीप्ये। तेन राज्ञा। (हे) भद्रे कल्याणि। भगवता श्रीमता (मरीचिना)। विभ्रमः विलासः। स्मितम् विहासः। न्यषीदत् निषण्णा। अभ्युपेतम् अङ्गीकृतम्। प्राणंसीत्

उत्तम वस्तु कोई नहीं है। उसी के लिये विशिष्ट पदों या तीर्थादि स्थानों के लोग कष्ट कर तप, महान् दान, दारुण युद्ध और भयंकर समुद्र-पार-गमन आदि आचरण करते हैं।

यह सुनकर दैव बल से (हो), या उस (काम-मंजरी) की चतुरता से या अपनी बुद्धि की मन्दता से वे (ऋषि) अपने तप का तिरस्कार कर उसके प्रति आसक्त हो गये। मूढ़ता में गहराई तक पहुँचे उन्हें बन्द पालकी में शहर ले जाकर उसने विशाल शोभा वाली सड़क से होकर अपने घर पहुँचाया और ढोंड़ी पिटवाई कि 'कल कामोत्सव होगा।' दूसरे दिन उन मुनि को ऐश्वर्य-भरी सड़क से उत्सव-समाज तक ले गई। उन्होंने नहाकर चन्दनादि लेप किया था, मनोहर पुष्प-माला पहनी थी, कामियों के आचरण करने लगे थे, अपने (तप) आचरण से उनकी इच्छा हट गई थी। क्षण भर भी उसके बिना बीता तो व्याकुल हो जाते थे। बाग के एक स्थान में सैकड़ों युवतियों से घिरे राजा के समीप पहुँची। मुख पर मुस्कान लेकर उन्होंने 'हे कल्याणी, श्रीमान् (ऋषि) के साथ बैठो' (यह) आदेश दिया। विलास के साथ प्रणाम कर मुस्कराहट किये हुये बैठ गई। वहाँ एक ऊँचे तबके की महिला ने उठकर

१. निमित्तबलान्नु। २. मुण्ड। ३. दूयमानचित्तम्। ४. समासदत्। तत्र तेन।

दुत्थाय बद्धाञ्जलिरुत्तमाङ्गना 'देव, जितानयाहम् । अस्यै दास्यमद्यप्रभृत्यभ्युपेतं मया' इति प्रभुं प्राणंसीत् । विस्मयहर्षमूलश्च कोलाहलो लोकस्योदजिहीत । हृष्टेन च राज्ञा महार्हैं रत्नालङ्कारैर्महता च परिबर्हेणानुगृह्य विसृष्टा वारमुख्याभिः पौरमुख्यैश्च गणशः प्रशस्यमाना स्वभवनमगत्वैव तमृषिमभाषत–'भगवन्, अयमञ्जलिः, चिरमनुगृहीतोऽयं दासजनः स्वार्थं इदानीमनुष्ठेयः' इति । स तु रागादशनिहत इवोद्भ्राम्याब्रवीत् —'प्रिये, किमेतत् ? कुत इदमौदासीन्यम् ? क्व गतस्तव मय्यसाधारणोऽनुरागः ?' इति । अथ सा सस्मितमवादीत्–'भगवन्, ययाद्य राजकुले मत्तः पराजयोऽभ्युपेतस्तस्याश्च मम च कस्मिंश्चित्संघर्षे [1]'मरीचिमावर्जितवतीव श्लाघसे' इति [2]तयास्म्यहमधिक्षिप्ता । दास्यपणबन्धेन चास्मिन्नर्थे प्रावर्तिषि । सिद्धार्था चास्मि त्वत्प्रसादात्' इति । स तया तथावधूतो दुर्मतिः कृतानुशयः शून्यवन्न्यवर्तिष्ट । यस्तयैवं कृतस्तपस्वी तमेव मां महा-

नतवती । उदजिहीत उद्गतः । महार्हैः बहुमूल्यैः । परिबर्हेण परिच्छदेन (गजाश्वादिभिः) । विसृष्टगमनाय अनुज्ञप्ता । वारमुख्याभिः श्रेष्ठवाराङ्गनाभिः । पौरमुख्यैः नागरिकप्रधानैः । गणशः संघशः । प्रशस्यमाना अभिवन्द्यमाना । दासजनः सेविका (अहम्) । स्वस्य तव अर्थः कृत्यम् (तपः) । अनुष्ठेयः आचरणीयः । अशनिहतः वज्रताडितः । उद्भ्राम्य उद्भ्रान्तः भूत्वा । संघर्षे स्पर्धायाम् । आवर्जितवती वशीकृतवती (नारी) । श्लाघसे आत्मगौरवम् प्रकटयसि । अधिक्षिप्ता तिरस्कृता । पणबन्धः प्रतिज्ञा । अर्थे कार्ये (तत्र आकर्षणे) । प्रावर्तिषि प्रवृत्ता । सिद्धार्था सफला । प्रसादात् कृपया । अवधूतः दूरीकृतः । कृतः अनुशयः पश्चात्तापः येन सः । शून्यवत् शून्यहृदय इव । न्यवर्तिष्ट (आश्रमम्) प्रत्यागतः । महाभाग महोदय (अपहारवर्मन्)

[1]विद्धाशिथिलशिखण्डबन्धम्, आत्मप्रभापटलदुर्लक्ष्यपाटलोत्तराधरविवरम्, गण्डस्थलीसंक्रान्तहस्तपल्लवदर्शितकर्णावतंसकृत्यम्, उपरिकपोलादर्शतलनिषिक्त[2]चित्रवितान[3]पत्रजातिजनितविशेषकक्रियम्, आमीलितलोचनेन्दीवरम्, विश्रान्तभ्रूपताकम्, उद्भिद्यमानश्रमजलपुलकभिन्नशिथिलचन्दनतिलकम्, [4]आननेन्दुसंमुखालकलतं च विश्रब्धप्रसुप्तामतिधवलोत्तरच्छदनिमग्नप्रायैकपार्श्वतया चिरविलसनखेदनिश्चलां शरदम्भोधरोत्सङ्गशायिनीमिव सौदामनीं राजकन्यामपश्यम्। दृष्ट्वैव

पिञ्जरितः पिशङ्गीकृतः विषमव्याविद्धः विषमरूपेण बद्धः (वेणीकृतः) अत एव अशिथिलः शिखण्डबन्धः केशकलापः यत्र। आत्मनः स्वस्य प्रभायाः पटलेन चयेन दुर्लक्ष्येण दुःखेन दृश्यमानेन पाटलेन श्वेतरक्तेन उत्तराधरेण उपरिस्थितौष्ठेन (हेतुना) विवरम् बिलम् यत्र। गण्डस्थल्याम् कपोलदेशे संक्रान्तः मिलितः हस्तपल्लवः करकिसलयम् तेन दर्शितम् (कृतम्) कर्णावतंसस्य कर्णाभूषणस्य कृत्यम् कर्म यत्र। उपरि उपरिस्थितः कपोलः एव आदर्शः दर्पणः ('आदर्शो दर्पणः प्रोक्तः' इति अमरमाला) तस्य तले फलके निषक्तेन प्रतिबिम्बितेन चित्रस्य नानावर्णस्य ('चित्रं किर्मीरकल्माषशबलैताश्च कर्बुरे' इति अमरः) वितानस्य उल्लोचस्य ('अस्त्री वितानमुल्लोचः' इति अमरः) पत्रजातेन पत्राकारचिह्नसमूहेन जनिता उत्पादिता विशेषकक्रिया तिलककार्यम् यत्र। आ समन्तात् मीलिते निमीलिते लोचने इन्दीवरे नीलकमले इव यत्र। अविभ्रान्ते स्थिरे भ्रुवौ पताके इव यत्र। उद्भिद्यमानाभ्याम् निर्गच्छद्भ्याम् श्रमजलेन स्वेदेन पुलकेन रोमाञ्चेन च भिन्नम् मिलितम् शिथिलम् (स्वेदेन) गलितम् चन्दनतिलकम् यत्र। आननेन्दोः मुखचन्द्रस्य संमुखे अलकाः चूर्णकुन्तलाः लताः इव यत्र (पूर्वोक्तानि सर्वाणि क्रियाविशेषणपदानि)। विश्रब्धम् निःशङ्कम् सुप्ताम्। अतिधवलः अत्यन्तशुभ्रः यः उत्तरच्छदः आस्तरणपटः तत्र निमग्नप्रायः बाहुल्येन निमग्नः एकः पार्श्वः यस्याः तत्ता (तस्याः भावः) तया। चिरम् दीर्घकालम् विलसनेन स्फुरणेन यः खेदः क्लान्तिः तेन निश्चलाम् स्थिराम् शरदि यः अम्भोधरः मेघः तस्य उत्सङ्गे क्रोडे शेते तच्छीलाम्। सौदामनीम् विद्युतम्। स्फुरन् वर्धमानः

ढीला) और टेढ़ा बँधा हुआ केश-कलाप कस गया था। अपने प्रभा-पुञ्ज से कठिनाई से दिख रहे पाटल (सफेद व लाल) रंग के ऊपरी ओठ के उठ जाने से छिद्र-सा बन गया था, कपोल-प्रदेश पर पहुँचा किसलय तुल्य हाथ कर्णावतंस (कान का एक गहना) का कार्य दिखा (कर) रहा था, ऊपर स्थित कपोल के (रूपी) दर्पण (के धरातल) पर प्रतिबिम्बित रंग-बिरंगे चँदोवे की पत्र-रचना (पत्ते की आकृति) के द्वारा तिलक का कार्य उत्पन्न कर दिया गया था, नील-कमल के समान नेत्र भली-भांति मुँद गये थे, पताका-तुल्य भौंहें स्थिर हो गई थीं, प्रगट हो रहे पसीने तथा रोमांच से मिलकर चन्दन का तिलक ढीला पड़ गया था और लता तुल्य घुँघराले बाल चन्द्र-समान मुख के सामने आ गये थे। देखते ही मेरी कामोत्तेजना बढ़ गई। मैं विह्वल हो गया।

---

१. ०व्याविद्धशिथिल। २. निषक्त। ३. पत्रक्रिया। ४. ०खागतालकलतम्।

स्फुरदनङ्गरागश्चकितश्चोरयितव्यनिस्पृहस्तयैव तावच्चोर्यमाणहृदयः किंकर्तव्यतामूढः क्षणमतिष्ठम् । अतर्कयं च—'न चेदिमां वामलोचनामाप्नुयां न मृष्यति मां जीवितुं वसन्तबन्धुः । असंकेतितपरामृष्टा [1]चेयमतिबाला व्यक्तमार्तस्वरेण[2] निहन्यान्मे मनोरथम् । ततोऽहमेवाघ्नीय[3] । तदियमत्र प्रतिपत्तिः' । इति नागदन्तलग्न[4]निर्यासकल्कवर्णितं फलकमादाय मणिसमुद्गकाद्वर्ण[5]वर्तिकामुद्धृत्य तां तथा शयानां तस्याश्च मामाबद्धाञ्जलिं चरणलग्नमालिखमार्यां चैताम्—

'त्वामयमाबद्धाञ्जलि दासजनस्तमिममर्थमर्थयते ।
स्वपिहि मया सह सुरतव्य[6]तिकरखिन्नैव[7] मा मैवम् ॥'

अनङ्गस्य कामस्य रागः आवेशः यस्य सः । चकितः संभ्रान्तः । चोरयितव्ये चौर्यकर्मणि निःस्पृहः अभिलाषरहितः । चोर्यमाणम् ह्रियमाणम् हृदयम् यस्य सः । किंकर्तव्यतायाम् (किम् कर्तव्यम् इति) विषये मूढः ज्ञानरहितः । अतर्कयम् अचिन्तयम् । वामे सुन्दरे लोचने यस्याः ताम् । आप्नुयाम् लभेय । मृष्यति सहते । वसन्तस्य बन्धुः सखा (कामः) । असंकेतितम् यथा स्यात् तथा सङ्केतम् अकृत्वा एव । परामृष्टा स्पृष्टा (सती अतिबाला) । अतिक्रान्ता बालाम् (बाल्यावस्थाम्) (युवती) । व्यक्तम् प्रकाशम् । निहन्यात् नाशयेत् । आघ्नीय आत्मानम् हन्याम् । प्रतिपत्तिः कर्तव्यम् । नागदन्ते अवलम्बनकाष्ठे लग्नम् सम्बद्धम् च निर्यासस्य वृक्षस्रुतस्य चिक्कणद्रव्यस्य कल्कः क्वाथः तेन वर्णितम् रञ्जितम् च । फलकम् काष्ठपट्टिकाम् । मणिनिर्मितः समुद्गकः संपुटकः ('समुद्गकः संपुटकः' इति अमरः) (मञ्जूषा) तस्मात् । वर्णवर्तिकाम् तूलिकाम् ('तूलिका वर्णवर्तिका' इति वैजयन्ती) । उद्धृत्य उत्थाप्य (आदाय) । आबद्धः अञ्जलिः येन तम् । आर्याम् आर्याछन्दः । तल्लक्षणम् यथा वृत्तरत्नाकरे—

लक्ष्मैतत् सप्त गणा गोपेता भवति नेह विषमे जः ।
षष्ठोऽयं नलघू वा चरमेऽर्धे नियतमार्यायाः ॥

एताम् वक्ष्यमाणाम् । [अयम् दासजनः आबद्धाञ्जलि त्वाम् तम् इमम् अर्थम् अर्थयते (यत्)

चोरी के प्रति अनिच्छुक हो गया । बल्कि वही मेरा हृदय चुराने लगी । 'क्या करूँ और क्या न करूँ' इसका ज्ञान खोकर क्षण भर ठहरा रहा और सोचा—'यदि इस सुन्दर नेत्रों वाली को न पा सका तो कामदेव (मेरा जीना नहीं सहेंगे) मुझे जीने नहीं देंगे और बिना संकेत किये (बताये) छू लेने पर यह युवती स्पष्ट आर्तनाद से मेरी मन-कामना कुचल देगी । तब मैं ही अपनी हत्या कर जान जोखिम में डाल लूँगा । इसलिये इस विषय में यह करणीय है ।' यह सोचकर खूँटी पर टँगी और लाख के रस से रँगी तख्ती लेकर मणि-निर्मित पेटी से कूँची उठाकर उस प्रकार लेटी हुई उसका तथा उसके चरणों में हाथ जोड़े लगे हुये अपना चित्र बनाया और यह आर्या-छन्द लिखा—यह सेवक (मैं) हाथ जोड़कर तुमसे इस निम्न प्रसिद्ध वस्तु की याचना करता है कि मिलन-संपर्क से थककर ही मेरे साथ सोओ; इस प्रकार कदापि नहीं ।

१. अतिवेलम् । २. रवेण । ३. आघ्नी । ४. निर्यासवालुका । ५. तूलिकावर्तिकाम् । ६. मदन । ७. खिन्नेव ।

हेमकरण्डकाच्च वासताम्बूलवीटिकां कर्पूरस्फुटिकां पारिजातकं चोपयुज्यालक्तकपाटलेन तद्रसेन सुधाभित्तौ चक्रवाकमिथुनं निरष्ठीवम्। अङ्गुलीयकविनिमयं[१] च कृत्वा कथंकथमपि निरगाम्। सुरङ्गया च प्रत्येत्य बन्धनागारं तत्र बद्धस्य नागरिकवरस्य सिंहघोषनाम्नस्तेष्वेव दिनेषु मित्रत्वेनोपचरितस्य 'एवं मया हतस्तपस्वी कान्तकः तत्त्वया प्रतिभिद्य रहस्यं लब्धव्यो मोक्षः' इत्युपदिश्य सह शृगालिकया निरक्रामिषम्। नृपतिपथे च [२]समागत्य रक्षिकपुरुषैरगृह्ये। अचिन्तयं च–'अलमस्मि जवेनापसर्तुमनामृष्ट एवैभिः। एषा पुनर्वराकी गृह्येत। तदिदमत्र प्राप्तरूपम्' इति तानेव चपलमभिपत्य स्वपृष्ठसमर्पितकूर्परः पराङ्मुखः स्थित्वा

सुरतव्यतिकरखिन्ना एव मया सह स्वपिहि। एवम् मा मा।] तम् प्रसिद्धम् इमम् वक्ष्यमाणम् अर्थम् वस्तु। अर्थयते प्रार्थयते। सुरतस्य व्यतिकरः सम्पर्कः तेन खिन्ना क्लान्ता। हेमकरण्डकात् स्वर्णनिर्मितायाः पेटिकायाः। वासताम्बूलवीटिकाम् सुवासितताम्बूलपत्रवीटिकाम्। स्फुटिकाम् खण्डकम्। पारिजातकम् सुवासितखदिरसारम्। अलक्तकवत् पाटलेन श्वेतरक्तेन। सुधाधवलितभित्तौ। चक्रवाकयोः कोकपक्षिणोः मिथुनम् युग्मम्। निरष्ठीवम् ष्ठीवनम् त्यक्तवान्। अङ्गुलीयकयोः मुद्रिकयोः (तस्याः स्वस्य च) विनिमयम् तस्याः मुद्रिकायाः ग्रहणम् स्वस्य च तस्याः अङ्गुलौ परिधापनम्। कथंकथमपि कष्टेन। निरगाम् निरगच्छम्। प्रत्येत्य निवृत्य। नागरिकवरस्य श्रेष्ठस्य नगरवासिनः। उपचरितस्य सेवितस्य। तपस्वी शोच्यः। प्रतिभिद्य प्रकाश्य। मोक्षः मोचनम्। निरक्रामिषम् निर्गतवान्। नृपतिपथे राजमार्गे। रक्षिकपुरुषैः रक्षायै नियुक्तैः राजपुरुषैः। अगृह्ये गृहीतः। अलम् समर्थः। जवेन वेगेन। अपसर्तुम् पलायितुम्। अनामृष्टः अस्पृष्टः। एषा (शृगालिका)। वराकी दयापात्रम्। गृह्येत धृता भवेत्। प्राप्तरूपम् युक्तम्। चपलम् शीघ्रम्। अभिपत्य समीपं गत्वा। कूर्परौ कफोणी ('कफोणिस्तु कूर्परः' इति अमरः) (भुजमध्यग्रन्थी)। पराङ्मुखः विपरीतमुखः। तस्करः चौरः। भद्राः श्रीमन्तः। वर्षीयस्याः

सोने की सन्दूकची से सुगन्धित पान के बीड़े, कपूर के टुकड़े और सुगन्धित कत्थे का उपयोग कर (खाकर) उनकी लाख के समान पाटल (सफेद-लाल) पीक थूककर चूने से पुती दीवाल पर चकवे की जोड़ी बना दी (ऐसे हिसाब से थूकी कि बिना हाथ लगाये चकवे की जोड़ी बन गई) और अँगूठी बदलकर कष्ट से बाहर हुआ। फिर सुरंग से जेल में लौटकर वहाँ बँधे उन्हीं दिनों मित्र बनाये हुये सिंहघोष नामक श्रेष्ठ नागरिक को 'मैंने इस प्रकार दीन कान्तक को मार डाला है; अब तुम रहस्य प्रगट कर रिहाई पा लो' यह बताकर शृगालिका के साथ निकल गया। सड़क पर पहुँचकर सिपाहियों के द्वारा पकड़ा गया। मैंने सोचा–'वेग से यों भागने में समर्थ हूँ कि वे छू भी न पायें पर यह बेचारी शृगालिका पकड़ी जा सकती है। ऐसी स्थिति में इस विषय में यह करना बढ़िया है' यह सोचकर उन्हीं के पास तेजी से पहुँचकर अपनी पीठ के ऊपर कोहनियां (भुजाओं की गाँठ)

---

१. व्यतिकरम्। २, समापत्य।

'भद्राः, यद्यहमस्मि तस्करः, बध्नीत माम्। युष्माकमयमधिकारः। न पुनरस्या वर्षीयस्याः' इत्यवादिषम्। सा तु तावतैवोन्नीतमदभिप्राया तान्सप्रणामसभ्येत्य 'भद्रमुखाः, ममैष पुत्रो वायुग्रस्तश्चिरं चिकित्सितः। पूर्वेद्युः प्रसन्नकल्पः प्रकृतिस्थ एव जातः। जातास्थया मया बन्धनान्निष्क्रमय्य स्नापितो नुलेपितश्च परिधाप्य [1]निष्प्रवाणियुगलमभ्यवहार्य परमान्नमौशीरेऽद्य कामचारः कृतोऽभूत्। अथ निशीथे भूय एव वायुनिघ्नः 'निहत्य कान्तकं नृपतिदुहित्रा रमेयम्' इति रंहसा परेण राजपथमभ्यपतत्। निरूप्य चाहं पुत्रमेवंगतमस्यां वेलायामनुधावामि। तत्प्रसीदत। बद्ध्वैनं मह्यमर्पयत' इति यावदसौ क्रन्दति तावदहं 'स्थविरे, केन देवो मातरिश्वा बद्धपूर्वः? किमेते काकाः शौङ्गेयस्य मे निग्रही-

अतिशयेन वृद्धायाः। अवादिषम् अवदम्। सा (शृगालिका)। तावता तावन्मात्रेण। उन्नीतः ऊहितः (तर्कितः) मम अभिप्रायः आशयः यया सा (अभवत्)। अभ्येत्य समीपं गत्वा। (हे) भद्रमुखाः शुभदर्शनाः। पूर्वेद्युः गते दिने। प्रसन्नकल्पः प्रसन्नः इव। प्रकृतिस्थः स्वस्थः। जाता आस्था आदरः यया तया। निष्क्रमय्य मुक्त्वा। अनुलेपितः चर्चितः। परिधाप्य धारयित्वा। निर्गता प्रवाणी तन्तुवायशलाका अस्मात् निष्प्रवाणिः नवीनं वस्त्रं ('अनाहतं निष्प्रवाणि तन्त्रकं च नवाम्बरे' इति अमरः) तस्य युगलम्। अभ्यवहार्य भोजयित्वा। परमान्नम् पायसम्। औशीरे शयनासनविषये ('औशीरं शयनासनम्' इति हलायुधः)। कामचारः नियन्त्रणरहितः। निशीथे अर्धरात्रे। भूयः पुनः। वायुनिघ्नः वाताधीनः (मत्तः) दुहित्रा कन्यया। रंहसा वेगेन। परेण महता। राजपथम् राजमार्गम्। अभ्यपतत् अधावत्। निरूप्य दृष्ट्वा। एवंगतम् एतद्दशापन्नम्। वेलायाम् समये। अनुधावामि पृष्ठतः धावामि। प्रसीदत प्रसन्नाः भवत। (हे) स्थविरे वृद्धे। मातरि आकाशे श्वयति प्रसरति इति मातरिश्वा (वायुः)। ('मातरिश्वा सदागतिः' इति अमरः)। पूर्वम् बद्धः बद्धपूर्वः। शौङ्गेयस्य श्येनस्य ('तिलच्छदस्तु शौङ्गेयो विहङ्गाराति-

रखकर उनकी तरफ पीठ कर ठहर गया और बोला—'अगर मैं चोर हूँ तो, श्रीमानो, मुझे बाँध लीजिये। आपका यह अधिकार है; इस अत्यन्त वृद्धा का नहीं।' उधर उसने उतने से ही मेरे आशय का अन्दाजा लगा लिया। प्रणाम-पूर्वक उनके पास पहुँचकर वह 'हे शुभदर्शनो, यह मेरा बेटा है। वायु (रोग) से ग्रस्त है। बहुत इलाज कराया है। पिछले दिन खुश खुश था; बिलकुल स्वस्थ हो गया था। विश्वास कर मैंने बन्धन से मुक्त कर नहलाया था, लेप लगाये थे। नये वस्त्रों की जोड़ी पहनाकर और खीर खिलाकर आज लेटने-बैठने (आदि सभी कार्यों) के लिये स्वतन्त्र कर दिया था। फिर आधी रात को फिर से वायु के वश में होकर 'कान्तक को मारकर राजकुमारी के साथ विहार करूँगा' (यह) कहकर महान् वेग से सड़क की ओर झपटा और बेटे को इस दशा में पहुँचा हुआ देखकर इस वेला में मैं पीछे-पीछे दौड़ रही हूँ। ऐसी स्थिति में प्रसन्न हों; इसे बाँधकर मुझे सौंप दें' यह कहकर जैसे ही रोने लगी वैसे ही मैं 'हे वृद्धा, किसने भगवान् वायु को पहले बांधा है? क्या ये कौवे मुझ शौङ्गेय (बाज) को वश

१. अनाहतयुगलम्।

तारः ? शान्तं पापम्' इत्यधावम् । असावप्यमीभिः 'त्वमेवोन्मत्ता यानुन्मत्त इत्युन्मत्तं मुक्तवती । कस्तमिदानीं बध्नाति ?' इति निन्दिता कदर्थिता रुदत्येव मामन्वधावत् । गत्वा च रागमञ्जरीगृहं [1]चिरविरहखेदविह्वला[2]मिमां बहुविधं समाश्वास्य तं निशाशेषमनयम् । प्रत्यूषे [3]चोदारकेण च समगच्छे ।

अथ भगवन्तं मरीचिं वेशकृच्छ्रादुत्थाय पुनः [4]प्रतितप्तपःप्रभावप्रत्यापन्नदिव्यचक्षुषमुपसंगम्य तेनास्म्येवंभूतं त्वद्दर्शनमवगमितः । सिंहघोषश्च कान्तकापचारं निर्भिद्य तत्पदे प्रसन्नेन राज्ञा प्रतिष्ठापितः तेनैव चारकसुरङ्गापथेन कन्यापुरप्रवेशं भूयोऽपि मे समपादयत् । समगंसि चाहं शृगालिकामुखविसृतवार्तानुरक्तया राजदुहित्रा । तेष्वेव दिवसेषु चण्डवर्मा सिंहवर्मावधूतदुहितृप्रार्थनः कुपितोऽभि-

---

रित्यपि' इति अमरः)। निग्रहीतारः निग्रहे नियन्त्रणे समर्थाः । असौ (शृगालिका) । कदर्थिता निन्दिता ('निन्दितः क्लेशने चैव वर्णने च कदर्थने' इति सज्जनः)। खेदः दुःखम् तेन विह्वलाम् आकुलाम् । बहुविधम् नानाप्रकारेण । निशायाः शेषः अवशिष्टभागः तम् । प्रत्यूषे प्रभाते । समगच्छे सङ्गतः अभवम् ।

भगवन्तम् ऐश्वर्यशालिनम् । वेशस्य वेश्यायाः कृच्छ्रात् सङ्कटात् । उत्थाय मुक्तः भूत्वा । प्रतितप्तम् पुनः चरितम् । प्रत्यापन्नम् पुनः प्राप्तम् दिव्यम् अलौकिकम् चक्षुः दृष्टिः येन तम् । उपसंगम्य मिलित्वा । एवभूतम् अनेन प्रकारेण जातम् । तत्र (राजवाहनस्य) दर्शनम् अवलोकनम् । अवगमितः ज्ञापितः । कान्तकस्य (कारापतेः) अपचारम् अपकारम् । निर्भिद्य प्रकटीकृत्य । प्रतिष्ठापितः नियुक्तः । चारकस्य कारागारस्य । समपादयत् अकारयत् । समगंसि मिलितः । शृगालिकामुखात् विसृता निर्गता या वार्त्ता वृत्तान्तः तया अनुरक्तया । सिंहवर्मणा अवधूता तिरस्कृता दुहितुः स्वकन्यायाः (दान-) प्रार्थना यस्य सः । अभियुज्य आक्रम्य । अवारुणत् अव-

---

में कर सकते हैं ? पाप शान्त हो' (यह) कहकर दौड़ पड़ा और वह उनके द्वारा 'मत्त को अमत्त समझकर छोड़ने वाली तुम्हीं पागल हो । उसे कौन अब बांधेगा' इन शब्दों से निन्दित हुई और रोती-रोती ही मेरे पीछे दौड़ी । मैंने रागमञ्जरी के स्थान पर पहुँचकर चिर-काल के विरह-दुख से व्याकुल उसे अनेक प्रकार से सान्त्वना देकर रात का वह अवशिष्ट भाग बिताया और सबेरे तड़के उदारक से भेंट की ।

इसके पश्चात् वेश्या-सम्पर्क के संकट से उद्धार पाकर फिर दूसरी बार किये गये तप के प्रभाव से पुनः दिव्य दृष्टि-प्राप्त श्रीमान् मरीचि से मिला । 'इस प्रकार (उन्हें) तुम्हारा दर्शन हुआ था' यह बात उन्होंने मुझे सूचित की । उधर सिंहघोष ने कान्तक के अपकार का भेद प्रकाशित कर प्रसन्न हुये राजा के द्वारा उस- (कान्तक) के स्थानपर नियुक्त होकर कारागार की सुरंग के रास्ते पुनः कन्या-अन्तःपुर में मेरे प्रवेश की व्यवस्था की और शृगालिका के मुख से निकली चर्चा से (मेरे प्रति) अनुरक्त हुई राजकुमारी से मेरी मुलाकात हुई । उन्हीं दिनों सिंहवर्मा के द्वारा (अपनी) कन्या के लिये की गई चण्डवर्मा की प्रार्थना ठुकरा दी गई, जिससे

---

१. चिरवियोग । २. विक्लवाम् । ३. पुनरुदा । ४. प्रतिपन्न ।

युज्य पुरमवारुणत् । अमर्षणश्चाङ्गराजो यावदरिः [1]पारिग्रामिकं विधिमाचिकीर्षति तावत्स्वयमेव [2]प्राकारं निर्भिद्य प्रत्यासन्नानपि सहायानप्रतीक्षमाणो निर्गत्याभ्यधिकबलेन विद्विषा महति संपराये [3]भिन्नवर्मा सिंहवर्मा बलादगृह्यत । [4]अम्बालिका च बलवदभिगृह्य चण्डवर्मणा हठात्परिणेतुमात्मभवनमनीयत । कौतुकं च स किल क्षपावसाने विवाह इत्यबध्नात् । अहं च धनमित्रगृहे तद्विवाहायैव पिनद्धमङ्गलप्रतिसरस्तमेवमवोचम्—'सखे, समापतितमेवाङ्गराजा[5]भिसरं राजमण्डलम् । सुगूढमेव संभूय पौरवृद्धैस्तदुपावर्तय । उपावृत्तश्च [6]कृत्तशिरसमेव शत्रुं

रुद्धवान् । अमर्षणः सकोपः । अङ्गराजः (सिंहवर्मा) । (तस्य) अरिः (मिथिलाधिपतिः) चण्डवर्मा । ग्रामम् परितः परिग्रामम् तत्र भवम् पारिग्रामिकम् ('ग्रामात्पर्यनुपूर्वात्' इति ठञ्) (परराज्यावरोधोचितम् यथा 'उपरुध्यारिमासीत राष्ट्रं चास्योपपीडयेत् । दूषयेच्चास्य सततं यवसान्नोदकेन्धनम् ॥ भिन्द्याच्चैव तडागानि प्राकारपरिखास्तथा । समवस्कन्दयेच्चैनं रात्रौ वित्रासयेत्तथा' ॥—मनुस्मृतिः ७।१९५-१९६)। आ समन्तात् चिकीर्षति कर्तुम् इच्छति । प्राकारम् दुर्गप्राचीरम् । निर्भिद्य ध्वस्तीकृत्य । प्रत्यासन्नान् समीपवर्तिनः । सहायान् साहाय्यकारिणः नृपान् । अभ्यधिकम् बहुतरम् बलम् सैन्यम् यस्य तेन (चण्डवर्मणा) । विद्विषा शत्रुणा संपराये युद्धे । भिन्नम् वर्म कवचम् यस्य सः । बलात् बलपूर्वकम् । अगृह्यत गृहीतः । बलवत् बलपूर्वकम् । अभिगृह्य गृहीत्वा । हठात् अविवेकपूर्वकम् । परिणेतुम् विवोढुम् (विवाहाय) । अनीयत नीता । कौतुकम् मङ्गलसूत्रम् । किल (संभावनायाम्) । क्षपायाः रात्रेः अवसाने अन्ते (प्रभाते) । विवाहः (भविष्यति) । इति (हेतोः) । अहम् (अपहारवर्मा) । तस्याः (अम्बालिकायाः) विवाहाय । पिनद्धः बद्धः मङ्गलप्रतिसरः मङ्गलसूत्रम् ('हस्तसूत्रं प्रतिसरः' इति वैजयन्ती) येन सः । अवोचम् अवदम् । समापतितम् आगतम् । अङ्गराजाभिसरम् अङ्गराजसाहाय्यकारि । राज्ञाम् मण्डलम् समूहः । सुगूढम् सुगुप्तम् यथा स्यात् तथा । संभूय मिलित्वा । पौरवृद्धैः सम्मानितवृद्धनागरिकैः । उपावर्तय समीपम् आनय । उपावृत्तः पुनः आगतः (सन्) । कृत्तम्

इस- (चण्डवर्मा) ने गुस्सा होकर आक्रमण किया और शहर पर घेरा डाल दिया । दुश्मन (चण्डवर्मा) जबतक घेरे की कार्रवाई (रसद, पानी आदि रोकना) करने की इच्छा करे (योजना बनाये) तब तक कुपित होकर राजा सिंहवर्मा, स्वयं ही किले की दीवार तोड़कर पास खड़े सहायकों की भी परवाह न कर निकल पड़ा और अधिक सेना वाले शत्रु (चण्डवर्मा) के द्वारा घमासान लड़ाई में कवच टूट जाने से बल-पूर्वक पकड़ लिया गया चण्डवर्मा बल-पूर्वक अम्बालिका को पकड़कर बिना सोचे-बिचारे (उससे) ब्याह करने के लिये अपने महल में ले गया । आशा (किल) में रात के अन्त में (सवेरे) 'ब्याह होगा' सोचकर मंगल सूत्र बाँध लिया । इधर मैं उस (राजकुमारी) से ब्याह के लिये ही धनमित्र के घर में मंगल-सूत्र बाँधकर उस (धनमित्र) से यों बोला—'मित्र, अङ्गराज की सहायता करने वाला राज-समूह बस आ ही गया है । बहुत छिपे-छिपे ही सम्मानित वृद्ध नागरिकों से मिलकर उसे ले आओ ।

१. पारग्रा० । २. सालम् । ३. ममा । ४. अम्बालिकाम् । ५. मनभिसरम् । ६. कृतकृत्यः कृत्त० ।

द्रक्ष्यसि' इति। 'तथा' इति तेनाभ्युपगते गतासुषोऽमुष्य भवनमुत्सवाकुलमुपसमाधीयमानपरिणयोपकरणमितस्ततः प्रवेशनिर्गमप्रवृत्तलोकसबाध[1]मलक्ष्यशस्त्रिकः सह प्रविश्य मङ्गलपाठकैरम्बालिकापाणिपल्लवमग्नौ साक्षिण्याथर्वणेन विधिनार्प्यमाणमादित्समानस्यायामिनं बाहुदण्डमाकृष्य च्छुरिकयोरसि प्राहार्षम्। स्फुरतश्च कतिपयानन्यानपि यमविषयमगमयम्। हतविध्वस्तं च तद्गृहमनुविचरन्वेपमानमधुरगात्रीं विशाललोचनामभिनिशाम्य तदालिङ्गनसुखमनुबुभूषुस्तामादाय गर्भगृहमविक्षम्। अस्मिन्नेव क्षणे तवास्मि नवाम्बुवाहस्तनितगम्भीरेण स्वरेणानुगृहीतः' इति।

खण्डितम् शिरः यस्य तम्। अभ्युपगते स्वीकृते। गतम् आयुः यस्य तस्य (चण्डवर्मणः)। उत्सवाकुलम् विवाहोत्सवपूर्णम्। उपसमाधीयमानम् सम्पाद्यमानम् परिणयस्य विवाहस्य उपकरणम् वस्तुजातम् यत्र तत्। इतस्ततः सर्वत्र। प्रवेशे निर्गमे बहिः गमने च प्रवृत्तः लग्नः यः लोकः जनसमूहः तेन संबाधम् संकटम् (व्याप्तम्)। अलक्ष्या अदृश्या (गूढा) शस्त्रिका छुरिका यस्य सः। अग्नौ साक्षिणि (सति)। आथर्वणेन अथर्ववेदोपदिष्टेन (विधिना) पुरोहितेन वा ('आथर्वणः पुरोधाः स्याच्छान्तिपुष्टिकरो द्विजः' इति कामन्दकः)। आदित्समानस्य ग्रहीतुम् इच्छोः (चण्डवर्मणः)। आयामिनम् दीर्घतायुक्तम्। प्राहार्षम् हतवान्। स्फुरतः प्रतिप्रहारार्थं चञ्चलान्। यमस्य विषयम् देशम्। अगमयम् नीतवान्। अनुविचरन् सर्वत्र भ्रमन्। वेपमानानि कम्पमानानि मधुराणि सुन्दराणि गात्राणि अवयवाः यस्याः ताम्। विशाले लोचने यस्याः ताम्। अभिनिशाम्य संमुखम् दृष्ट्वा। अनुबुभूषुः अनुभवितुम् इच्छुः। गर्भगृहम् गृहमध्यवर्ती प्रकोष्ठः। प्राविक्षम् प्राविशम्। नवः च असौ अम्बुवाहः मेघः च तस्य यत् स्तनितम् गर्जनम् तद्वत् गम्भीरेण धीरेण। अनुगृहीतः अनुकम्पितः।

लौटने पर शत्रु का सिर कटा ही देखोगे।' 'ठीक है' कहकर उसके स्वीकार कर लेने पर उत्सव में व्यस्त, ब्याह की सामग्री के प्रबन्ध से युक्त तथा इधर-उधर घुसने व निकलने में लगे लोगों के कारण ठसाठस भरे हुये महल में छुरी छिपाकर मङ्गल-पाठ करने वालों के साथ दाखिल होकर अग्नि के साक्षी (गवाह) होने पर (बनाकर) पुरोहित के द्वारा विधि-पूर्वक सौंपे जा रहे अम्बालिका का किसलय-तुल्य हाथ ग्रहण करने के इच्छुक समाप्त उम्र वाले उस (चण्डवर्मा) की लम्बी दण्ड-तुल्य बाँह खींचकर मैंने (उसकी) छाती पर छुरी से प्रहार किया। उसकी (मदद में) हरकत कर रहे कुछ दूसरों को भी यम के देश में पहुँचा दिया। उसके हनन और विध्वंस से युक्त घर में घूमता हुआ मैं काँप रहे प्यारे अङ्गों वाली विशाललोचना (बड़ी-बड़ी आँखों वाली राजकुमारी) को सामने देखकर उसको गले लगाने के आनन्द के अनुभव का इच्छुक होकर उसे लेकर बीच के कमरे में प्रविष्ट हुआ। इसी क्षण तुम्हारे नये बादल की गरज के समान गम्भीर[2] स्वर ने कृपा की।"

---

१. संपातम्। २. स्वर की गंभीरता प्रशस्तता की निशानी है : नाभी स्वरः सत्त्वमिति प्रशस्तं गम्भीरमेतत्त्रितयं नराणाम्। (बृहत्संहिता ६७।२५)।

श्रुत्वा च स्मित्वा च देवोऽपि राजवाहनः 'कथमसि कार्कश्येन कर्णीसुतमप्यतिक्रान्तः' इत्यभिधाय [1]पुनरवेक्ष्योपहारवर्माणम् 'आचक्ष्व, तवेदानीमवसरः' इत्यभाषत । सोऽपि सस्मितं प्रणम्यारभताभिधातुम्—

इति श्रीदण्डिनः कृतौ दशकुमारचरिते अपहारवर्मचरितं नाम द्वितीय उच्छ्वासः ॥

तृतीयोच्छ्वासः

[2]एषोऽस्मि पर्यटन्नेकदा गतो [3]विदेहेषु । मिथिलाम[4]प्रविश्यैव बहिः क्वचिन्मठिकायां विश्रमितुमेत्य कयापि वृद्धतापस्या दत्तपाद्यः क्षणमलिन्दभूमाववास्थिषि ।

कथम् अहो । कार्कश्येन कठोरतया । कर्णीसुतम् चौर्यशास्त्रकर्त्तारम् । अतिक्रान्तः जितवान् असि । अभिधाय उक्त्वा । अवेक्ष्य दृष्ट्वा । आचक्ष्व वद । आरभत आरब्धवान् । अभिधातुम् वक्तुम् ।

पर्यटन् इतस्ततः भ्रमन् । विदेहेषु विदेहदेशम् । मिथिलाम् विदेहराजधानीम् । मठिकायाः अल्पमठस्य । तापस्या तपस्विन्या । दत्तम् पाद्यम् पादोदकम् यस्मै सः ('पाद्यं पादाय वारिणि' इति अमरः) । अलिन्दभूमौ बहिर्द्वाराग्रवर्ति चतुष्कम् ('प्रघाणप्रघणालिन्दा बहिर्द्वारप्रकोष्ठके') । इति अमरः ।

सुनकर और मुस्कराकर महाराज राजवाहन ने कहा, 'धन्य है ! तुमने कठोरता में कर्णीसुत को भी मात दे दी' (यह) कहकर फिर उपहारवर्मा को देखकर कहा—'कहो; अब तुम्हारा मौका है ।' उसने मुस्कराहट के साथ प्रणाम कर कहना शुरू किया ।

श्री दण्डी की रचना दशकुमारचरित के अन्तर्गत अपहारवर्मा-चरित -[जीवन]
नामक दूसरा उच्छ्वास (अध्याय) समाप्त हुआ ।

तीसरा उच्छ्वास (=अध्याय)

एक बार घूमता-घामता मैं विदेह राज्य में पहुँचा । मिथिला में बिना प्रवेश किये आराम करने के लिये किसी छोटे मठ के बाहर पहुँचा । वहाँ एक बूढ़ी तपस्विनी ने पैर धोने के लिये पानी दिया और मैं क्षणभर दरवाजे के बाहर के चबूतरे पर ठहर गया । मेरे दर्शन (के क्षण)

---

१. पुनर्निरीक्ष्य । २. एषोऽप्यहमस्मि । ३. मगध के पूर्वोत्तर स्थित एक प्राचीन राज्य जिसकी राजधानी मिथिला थी । इसमें भूतपूर्व तिरहुत जिले और नेपाल का कुछ भाग तथा चम्पारन का पश्चिमोत्तर भाग था । ४. विदेह की राजधानी जो नेपाल का जनकपुर है ।

तस्यास्तु मद्दर्शनादेव किमप्याबद्धधारमश्रु प्रावर्तत । 'किमेतदम्ब, कथय कारणम्' इति पृष्टा सकरुणमाचष्ट--'जैवातृक, ननु श्रूयते पतिरस्या मिथिलायाः प्रहारवर्मा नामासीत् । तस्य खलु मगधराजो राजहंसः परं मित्रमासीत् । तयोश्च वल्लभे [1]बलशम्बलयोरिव वसुमतीप्रियंवदे सख्यमप्रतिममधत्ताम् । अथ प्रथमगर्भाभिनन्दितां तां च प्रियसखीं दिदृक्षुः प्रियंवदा वसुमतीं सह भर्त्रा पुष्पपुरमगमत् । तस्मिन्नेव च समये मालवेन मगधराजस्य महज्जन्यमजनि । तत्र लेशतोऽपि [2]दुर्लक्षां गतिमगमन्मगधराजः । [3]मैथिलेन्द्रस्तु मालवेन्द्रप्रयत्नप्राणितः स्वविषयं प्रतिनिवृत्तो ज्येष्ठस्य संहारवर्मणः सुतैर्विकटवर्मप्रभृतिभिर्व्याप्तं राज्य-[4]माकर्ण्य स्वस्रीयात्सुह्मपतेर्दण्डावयवमादित्सुरटवीपथमवगाह्य लुब्धकलुप्तसर्वस्वो-

अवास्थिषि अवस्थितः ('समवप्रविभ्यः स्थः' इति आत्मनेपदम्) । आबद्धधारम् आबद्धा अविच्छिन्ना धारा यस्य तत् । प्रावर्तत प्रचलितम् । (हे) अम्ब मातः । आचष्ट अवदत् । (हे) जैवातृक आयुष्मन् ('जैवातृकः स्यादायुष्मान्' इति अमरः) (जीवति इति) । ननु संबोधने (वत्स) । वल्लभे प्रिये (पत्न्यौ) । बलशम्बलयोः (दैत्ययोः) सख्यम् मैत्रीम् । अविद्यमाना प्रतिमा उपमा यस्य तत् (अतुलम्) । अधत्ताम् अधारयताम् । अभिनन्दिताम् आदृताम् । दिदृक्षुः द्रष्टुम् इच्छुः । अगमत् अगच्छत् । मालवेन [5]मालवराजेन (मानसारेण) । [6]मगधराजस्य (राजहंसस्य) । जन्यम् युद्धम् । अजनि जातम् । लेशतः किञ्चित् । दुर्लक्षाम् निश्चेतुम् अशक्याम् । अगमत् अगच्छत् (प्राप्तवान्) । मैथिलेन्द्रः (प्रहारवर्मा) । प्राणितः जीवितः । विषयम् देशम् । प्रतिनिवृत्तः आगतः । ज्येष्ठस्य अग्रजस्य । प्रभृतिभिः आदिभिः । व्याप्तम् आक्रान्तम् । स्वस्रीयात् भगिनीपुत्रात् ('स्वसुश्छः' इति छप्रत्ययः) । सुह्मस्य[7] सुह्मदेशस्य पत्युः स्वामिनः ।

से ही उसकी आँखों से अद्भुत रूप से अविराम धारा में आँसू बह चला । 'माँ, यह क्या ? कारण बताओ' यह पूछने पर करुणा-पूर्ण ढंग से बोली—'हे आयुष्मन् वत्स, इसके पति मिथिला के प्रहारवर्मा थे । मगध के राजा राजहंस उनके परम मित्र थे । बल और शम्बल (-नामक दैत्यों) की भाँति उन दोनो की क्रमशः वसुमती (राजहंस-पत्नी) और प्रियंवदा-नामक प्रियाओं में अतुल्य मैत्री थी । कुछ समय बाद पहले गर्भ से अभिनन्दित उस प्रिय सहेली वसुमती को देखने की इच्छा लेकर प्रियंवदा पति के साथ पुष्पपुर गई । उसी समय मालवराज से मगध-नरेश की घमासान लड़ाई हुई । उसमें महाराज (राजवाहन) जिस दशा में पहुँचे, उसका जरा भी पता न चला । मालव-नरेश के प्रयत्न से मिथिला-नरेश बच गये और अपने राज्य लौट गये । 'बड़े भाई संहारवर्मा के विकटवर्मा आदि बेटों ने राज्यपर कब्जा कर लिया है' सुनकर उन्होंने (अपने) भांजे सुह्म-नरेश से सेना की एक टुकड़ी लेकर जंगल के रास्ते में प्रवेश किया । बहेलियों ने उनका सर्वस्व छीन लिया । हाथ में स्थित, उनके छोटे

१. शम्बर । २. दुर्लक्षिताम् । ३. मैथिलस्तु । ४. राष्ट्रम् ।
५. मध्यप्रदेश में वर्तमान मालवा । ६. आधुनिक बिहार जो पंजाब और काश्मीर तक फैला था । ७. बंग (वर्तमान बङ्गला देश) के पश्चिम में स्थित पुराना राज्य । इसकी राज-

ऽभूत् । तत्सुतेन च कनीयसा हस्तवर्तिना सहैकाकिनी वनचरशरवर्षभयपलायिता वनमगाहिषि । तत्र च मे शार्दूलनखावलीढनिपतितायाः पाणिभ्रष्टः स बालकः कस्यापि कपिलाशवस्य क्रोडमभ्यलीयत । तच्छवाकर्षिणश्च व्याघ्रस्यासूनिषुरिष्वसनयन्त्रमुक्तः क्षणादलिक्षत् । भिल्लदारकैः स बालोऽपाहारि । सा त्वहं मोहसुप्ता केनापि वृष्णिपालेनोपनीय स्वं कुटीरमावेश्य कृपयोपक्रान्तव्रणा स्वस्थीभूय स्वभर्तुरन्तिकमुपतिष्ठासुरसहायतया यावद्व्याकुलीभवामि तावन्ममैव दुहिता सह यूना केनापि तमेवोद्देशमगमत् । सा भृशं रुरोद । रुदितान्ते च सा

दण्डस्य सैन्यस्य अवयवम् अङ्गम् । आदित्सुः आदातुम् (ग्रहीतुम्) इच्छुः । अटवीपथम् वनमार्गम् । अवगाह्य प्रविश्य । लुब्धकैः व्याधैः लुप्तम् हृतम् सर्वस्वम् सर्वम् धनम् यस्य सः । अभूत् अभवत् । कनीयसा अप्रथमेन । हस्तवर्तिना करस्थितेन । वनचराणाम् भिल्लानाम् शराणाम् बाणानाम् वर्षस्य वृष्टेः भयात् पलायिता । अगाहिषि प्राविशम् । शार्दूलस्य व्याघ्रस्य नखैः अवलीढा विद्धा अतएव निपतितायाः । कपिलायाः कपिलवर्णधेन्वाः शवस्य मृतशरीरस्य । क्रोडम् वक्षःस्थलम् । अभ्यलीयत लीनः अभवत् । तस्याः कपिलायाः शवम् आकर्षति इति तस्य । असून् प्राणान् । इषुः बाणः । इष्वसनम् धनुः तत् एव यन्त्रम् तस्मात् मुक्तः । अलिक्षत् अपाहरत् । भिल्लानाम् किरातानाम् दारकैः बालकैः । अपाहारि अपहृतः । मोहेन मूर्च्छया सुप्ता । वृष्णिपालेन मेषपालेन ('मेषवृष्णय एडकाः' इति अमरः) । कुटीरम् अल्पगृहम् (ह्रस्वाम् कुटीम्) ('कुटीशमीशुण्डाभ्यो रः' इति रः) । उपक्रान्तम् चिकित्सितम् व्रणम् क्षतम् यस्याः सा । भर्तुः स्वामिनः (राज्ञः) । उपतिष्ठासुः उपस्थातुम् (गन्तुम्) इच्छुः । दुहिता पुत्री । यूना तरुणेन । उद्देशम् प्रदेशम् । भृशम् अत्यन्तम् । रुरोद व्यलपत् । रुदितस्य रुदनस्य अन्ते । सार्थस्य

पुत्र के साथ मैं (वृद्धा) अकेली जंगलियों की बाण-वर्षा के डर से भागकर जंगल में प्रविष्ट हुई । वहाँ बाघ के नख-समूह से घायल होकर गिर गई और वह बालक मेरे हाथ से छूटकर एक भूरी गाय की लाश के बीच में छिप गया । क्षण-भर में धनुष-रूपी यंत्र से छूटे बाण ने उसकी लाश खींच रहे बाघ के प्राण चटकर लिये । भील बच्चों ने उस बालक का अपहरण कर लिया । उधर मैं बेहोशी में सोई थी । किसी गड़ेरिये ने लाकर अपनी छोटी कुटी में रखकर दया-पूर्वक घावों का इलाज किया । स्वस्थ होकर अपने स्वामी (राजा) के समीप उपस्थित होने की इच्छा लेकर सहायक-रहित होने के कारण जब व्याकुल होने लगी तब मेरी ही बेटी किसी युवक के साथ उसी स्थान पर पहुँची । वह खूब रोई । रोने के बाद उसने

धानी ताम्रलिप्त या दमलिप्त (वर्तमान तमलुक) के नाम से प्रसिद्ध थी जो कपिशा नदी (वर्तमान कोस्या) के दाहिने किनारे पर बसी थी । बलि के पुत्र सुह्म के नाम से इस राज्य का नाम सुह्म पड़ा था ।

सार्थघाते स्वहस्तगतस्य राजपुत्रस्य किरातभर्तृहस्तगमनम्, आत्मनश्च केनापि वनचरेण व्रणविरोपणम्, स्वस्थायाश्च पुनस्तेनोपयन्तुं चिन्तिताया निकृष्टजातिसंसर्गवैक्लव्यात्प्रत्याख्यानपारुष्यम्, तदक्षमेण चामुना विविक्ते विपिने स्वशिरःकर्तनोद्यमम्, अनेन यूना यदृच्छया दृष्टेन तस्य दुरात्मनो हननम्, आत्मनश्चोपयमनमित्यकथयत्। स तु पृष्टो [1]मैथिलेन्द्रस्यैव कोऽपि सेवकः कारणविलम्बी तन्मार्गानुसारी जातः। सह तेन भर्तुरन्तिकमुपसृत्य पुत्रवृत्तान्तेन श्रोत्रमस्य देव्याः प्रियंवदायाश्चादहाव।

स च राजा दिष्टदोषाज्ज्येष्ठ[2]पुत्रैश्चिरं विगृह्य पुनरसहिष्णुतयातिमात्रं चिरं प्रयुध्य बद्धः। देवी च बन्धनं गमिता। दग्धा पुनरहमस्मिन्नपि वार्धके हतजी-

---

संघस्य घाते नाशे। किरातानाम् भिल्लानाम् भर्तुः स्वामिनः। व्रणानाम् क्षतानाम् विरोपणम् चिकित्सनम्। उपयन्तुं परिणेतुम्। चिन्तितायाः अभिलषितायाः। निकृष्टा नीचा। संसर्गः सम्पर्कः। वैक्लव्यात् विकलत्वेन। प्रत्याख्यानेन अस्वीकारेण यत् पारुष्यम् कठोरता। अक्षमेण सोढुम् अशक्नुवता। विविक्ते निर्जने। विपिने वने। स्वस्य दुहितुः। कर्तनम् छेदनम् तत्र उद्यमम् यत्नम्। यूना तरुणेन। यदृच्छया संयोगात्। कारणेन प्रयोजनवशात् विलम्बी कृतविलम्बः। अन्तिकम् समीपे। उपसृत्य गत्वा। वृत्तान्तेन चर्चया। श्रोत्रम् कर्णम्। देव्याः राज्ञ्याः। अदहाव अपीडयाव।

दिष्टस्य भाग्यस्य। ज्येष्ठस्य अग्रजस्य। विगृह्य युद्ध्वा। असहिष्णुतया सहने असमर्थतया। अतिमात्रम् अत्यन्तम्। चिरम् बहुकालम् यावत् प्रयुध्य युद्ध्वा। दग्धा भाग्यहीना। वार्द्धके

काफिले की हत्या होनेपर अपने हाथ के राजकुमार का भीलों के स्वामी के हाथ में पहुँचना, किसी जंगली के द्वारा अपने घावों की मरहम-पट्टी, जब स्वस्थ हो गई तब उसके द्वारा ब्याह के लिये चाही जाने पर अत्यन्त नीच जाति के सम्पर्क की (बात सोचकर) विकलता से इनकारी की कठोरता, उसे सहन न कर पाने वाले उसके द्वारा एकान्त जंगल में अपना (मेरी बेटी का) सिर काटने का प्रयत्न, संयोग से दिखे इस युवक के द्वारा उस दुष्टात्मा का मौत के घाट उतारा जाना और अपना ब्याह करने की बात बताई। पूछने पर वह मिथिला-नरेश का ही एक सेवक निकला जिसे किसी कारण देर हो गई थी और जो उनके रास्ते पर जा रहा था। उसके साथ स्वामी (राजा) के पास पहुँचकर बेटे के समाचार से इन- (मिथिला के राजा) के तथा देवी प्रियंवदा के कान दग्ध किये (कानों को पीड़ा पहुँचाई)।

उन राजा ने बड़े भाई के लड़कों (भतीजों) से चिरकाल तक युद्ध कर और फिर न सह पाने से चिरकाल तक घमासान युद्ध किया। भाग्य-दोष से पकड़ लिये गये। रानी भी गिरफ्तार हो गई। भाग्य-हीना मैंने इस बुढ़ापे में भी (यह) हीन जीवन त्यागने में असमर्थ

---

१. मिथिलेन्द्रस्य। २. ज्येष्ठभ्रातृपुत्रैः।

वितमपारयन्ती हातुं प्रव्रज्यां किलाग्रहीषम् । दुहिता तु मम [1]हतजीविताकृष्टा विकटवर्ममहादेवीं[2] कल्पसुन्दरीं किलाशिश्रियत् । तौ चेद्राजपुत्रौ निरुपद्रवावेवावर्धिष्येताम् इयता कालेन तवेमां वयोवस्थामस्प्रक्ष्येताम् । तयोश्च सतोर्न दायादा नरेन्द्रस्य प्रसह्यकारिणो भवेयुः' इति [3]प्रमन्युरभिरुरोद । श्रुत्वा च तापसीगिरमहमपि प्रवृद्धवाष्पो निगूढमभ्यधाम् 'यद्येवमम्ब, समाश्वसिहि । नन्वस्ति कश्चिन्मुनिस्त्वया तदवस्थया पुत्राभ्युपपादनार्थं याचितस्तेन स लब्धो वर्धितश्च वार्तयमतिमहती । किमनया । सोऽहमस्मि । शक्यश्च मयासौ विकटवर्मा यथाकथंचिदुपश्लिष्य व्यापादयितुम् । अनुजाः पुनरतिबहवः, तैरपि घटन्ते पौरजानपदाः ।

वृद्धावस्थायाम् । हतम् हीनम् च तत् जीवितम् जीवनम् च । अपारयन्ती अशक्नुवती । हातुम् त्यक्तुम् । प्रव्रज्याम् संन्यासम् । किल (अरुचौ) । अग्रहीषम् गृहीतवती । आकृष्टा विवशा । विकटवर्मणः प्रहारवर्मणः ज्येष्ठभ्रातुः पुत्रस्य महादेवीम् पट्टमहिषीम् । किल (अरुचौ) । अशिश्रियत् आश्रितवती । निरुपद्रवौ निर्विघ्नौ । इयता एतावता । अवर्धिष्येताम् वर्धितौ अभविष्यताम् । वयोऽवस्थाम् वयसः मानम् । अस्प्रक्ष्येताम् स्पृष्टौ अभविष्यताम् । सतोः वर्तमानयोः । दायादाः बान्धवाः । प्रसह्यकारिणः बलात्कारिणः । प्रकृष्टः (प्रवृद्धः) मन्युः शोकः यस्याः सा । तापस्याः गिरम् वाणीम् । अहम् उपहारवर्मा । प्रवृद्धं वाष्पं अश्रु यस्य सः । निगूढम् गुप्तरूपेण । अभ्यधाम् अवदम् । (हे) अम्ब मातः । समाश्वसिहि आश्वस्ता भव । ननु न एवम् किम् । सा अवस्था दशा यस्याः सा तया । पुत्रस्य अभ्युपपादनार्थम् पोषणाय । याचितः प्रार्थितः । वार्ता चर्चा । अतिमहती सुदीर्घा । शक्यः संभवः । यथाकथञ्चित् एतेन वा तेन वा प्रकारेण । उपश्लिष्य सामीप्यम् प्राप्य । व्यापादयितुम् हन्तुम् । अनुजाः (विकटवर्मणः) भ्रातरः अवरजाः । पुनः किन्तु । घटन्ते पक्षे तिष्ठन्ति । पौरजानपदाः नागरिकाः ग्रामीणाः च (जनाः) ।

होकर अनचाहा संन्यास ग्रहण किया । उधर मेरी बेटी ने हीन जीवन (के लोभ) से बेबस होकर विकटवर्मा की पटरानी कल्पसुन्दरी का आश्रय न चाहकर भी ग्रहण किया । यदि वे दोनो राजकुमार निर्विघ्न बड़े होते तो इतने समय के अन्दर तुम्हारी इस उम्र की बराबरी छू लेते । उन दोनो के रहते पट्टीदार लोग राजा से गुण्डई (जबर्दस्ती) न करते' यह कहकर अतिशय शोक से ग्रस्त होकर वह रो दी । तपस्विनी के वचन सुनकर मेरे भी आँसुओं में बाढ़ आ गई । मैंने अत्यन्त गुप्त रूप से कहा—'माँ, अगर यह बात है तो ढाढ़स रखो । क्या यह सच नहीं है कि उस दशा में पहुँचकर तुमने बेटे के पालन-पोषण के लिये एक मुनि से प्रार्थना की थी और उन्होंने उसे लेकर पाला-पोसा था । यह चर्चा बहुत लम्बी है । इससे लाभ क्या है । वही मैं हूँ । किसी न किसी प्रकार समीप पहुँचकर उस विकटवर्मा को खत्म कर देना मेरे लिये सम्भव है । लेकिन (उसके) छोटे भाई बहुत सारे हैं और फिर उनसे नगर-वासी और

१. हतजीविकाकृष्टा; हतजीवना । २. महिषीम् । ३. प्रवृद्धमन्युः ।

मां तु न कश्चिदिहत्य ईदृक्तया जनो जानाति। पितरावपि [1]तावन्मां न संविदाते, किमुतेतरे। [2]'तदेनमर्थमुपायेन साधयिष्यामि' इत्यगादिषम्। सा तु वृद्धा सरुदितं परिष्वज्य मुहुः शिरस्युपाघ्राय [3]प्रस्नुतस्तनी सगद्गदमगदत्—'वत्स, चिरं जीव। [4]भद्र तव। प्रसन्नोऽद्य भगवान्विधिः। अद्यैव प्रहारवर्मण्यधि विदेहा जाताः, यतः प्रलम्बमानपीनबाहुर्भवानपारमेतच्छोकसागरमद्योत्तारयितु[5] स्थितः। अहो! महद्भागधेयं देव्याः प्रियंवदायाः' इति हर्षनिर्भरा स्नानभोजनादिना मामुपाचरत्। अशिश्रियं चास्मिन्मठैकदेशे निशि कटशय्याम्। अचिन्तयं च 'विनोपधिनायमर्थो न साध्यः। स्त्रियश्चोपधीनामुद्भवक्षेत्रम्। अतोऽन्तःपुरवृत्तान्तमस्या अवगम्य

इहत्यः अत्रत्यः। ईदृशः (ईदृशस्य) भावः ईदृक्ता तया (एवंरूपेण यत् अहम् प्रहारवर्मणः पुत्रः) माता च पिता च पितरौ। संविदाते जानीतः। किमुत का कथा। इतरे अन्ये। अर्थम् कार्यम्। साधयिष्यामि संपादयिष्यामि। अगादिषम् (पुनरुक्तो दोषः) अवदम्। रुदितेन रुदनेन सह वर्तमाना सा यथा स्यात् तथा। परिष्वज्य आलिङ्ग्य। मुहुः वारम् वारम्। उपाघ्राय आघ्राणम् कृत्वा। प्रस्नुतौ स्नुतदुग्धौ स्तनौ यस्याः सा। गद्गदेन स्खलद्वाण्या सह वर्तमाना सा यथा स्यात् तथा। वत्स पुत्र। चिरम् दीर्घम्। भद्रम् कल्याणम्। विधिः विधानम्। प्रहारवर्मणि ('यस्मादधिकम्' इति सप्तमी)। अधि अधीनाः ('अधिरीश्वरे')। विदेहाः विदेहदेशः (मिथिला)। यतः यस्मात् कारणात्। प्रलम्बमानौ दीर्घौ पीनौ पुष्टौ बाहू यस्य सः। उत्तारयितुम् उद्धर्तुम्। भागधेयम् भाग्यम्। हर्षनिर्भरा हर्षपूर्णा। उपाचरत् असेवत। अशिश्रियम् आश्रितवान्। मठस्य कुट्याः। निशि रात्रौ। कटस्य तृणस्य। उपधिना कपटेन ('कपटोऽस्त्री व्याजदम्भोपधयश्छद्मकैतवे' इति अमरः)। साध्यः साधयितुम् शक्यः। उद्भवस्य उत्पत्तेः क्षेत्रम् स्थानम्। अस्याः (वृद्धायाः सकाशात्) अवगम्य ज्ञात्वा। जालम् कपटम् ('जालं समूह

ग्रामवासी जनता मिली है। इसके विपरीत यहाँ का कोई व्यक्ति मुझे इस (यहाँ के राजकुमार) रूप में नहीं जानता। और तो और; माता-पिता भी मुझे नहीं पहचानते; औरों की तो बात ही क्या, इसलिये यह काम तरकीब से पूरा करूँगा' (यह कहा)। उस वृद्धा ने रोती हुई छाती से लगाया और बार-बार सिर सूँघा। उसके स्तनों से दूध बह चला। अटकती आवाज में बोली—'बेटा, चिरकाल तक जिओ। तुम्हारा कल्याण हो। आज भगवान् विधाता प्रसन्न हैं। आज ही मिथिला-देश प्रहारवर्मा के अधीन हो गया क्योंकि लम्बी और पुष्ट बाँहों वाले तुम आज इस अपार शोक-समुद्र से पार लगाने के लिये खड़े हो। रानी प्रियंवदा का महान् भाग्य धन्य है' (यह) कहकर आनन्द से भरकर उसने स्नान, भोजन आदि से मेरा सत्कार किया। मैंने इस कुटिया के एक हिस्से में रात को तिनके की सेज का आश्रय लिया और सोचा—'बिना तिकड़म के यह काम नहीं होने का और औरतें तिकड़म की खान हैं, इसलिये रनिवास का समाचार इस (वृद्धा) से जानकर उसके द्वारा एक जाल बिछाऊँ। मेरे

१. यावन्माम्; तावदित्यम्। २. तमेनम्। ३. प्रस्नुत। ४. भद्र। ५. उत्तारयिता।

तद्द्वारेण किंचिज्जालमाचरेयम्' इति । [1]चिन्तयत्येव मयि महार्णवोन्मग्नमार्तण्ड-तुरङ्गमश्वासरयावधूतेव व्यावर्तत त्रियामा । समुद्रगर्भवासजडीकृत इव मन्द-प्रतापो दिवसकरः[2] प्रादुरासीत् ।

उत्थायावसायितदिनमुखनियमविधिस्तां मे मातरमवादिषम्—'अम्ब, जाल्मस्य विकटवर्मणः कच्चिदन्तःपुरवृत्तान्तमभिजानासि' इत्यनवसितवचन एव मयि काचिदङ्गना प्रत्यदृश्यत । तां चावेक्ष्य सा मे धात्री हर्षाश्रुकु[3]ण्ठितकण्ठ-माचष्ट—'पुत्रि पुष्करिके, पश्य भर्तृदारकम् । अयमसावकृपया मया वने परि-त्यक्तः पुनरप्येवमागतः' इति । सा तु हर्षनिर्भरनिपीडिता चिरं प्ररुद्य बहु विलप्य शान्ता पुनः स्वमात्रा राजान्तःपुरवृत्तान्ताख्याने न्ययुज्यत । उक्तं च तया—

आनाये गवाक्षे कपटेऽपि च' इति वैजयन्ती) । आचरेयम् कुर्याम् । महार्णवात् महासागरात् उन्मग्नः उत्थितः (उदितः) यः मार्तण्डः सूर्यः तस्य तुरङ्गमाणाम् अश्वानाम् श्वासस्य रयेण वेगेन अवधूता कम्पिता । व्यावर्तत अपगता । त्रियामा त्रयः यामाः प्रहराः यस्याः सा (रात्रिः) (प्रथमः अन्तिमः च अर्धयामौ दिने गण्येते) । गर्भे अभ्यन्तरे वासः निवासः तेन जडीकृतः शीतलीकृतः । मन्दः अल्पः प्रतापः तापः यस्य सः दिवसकरः सूर्यः । प्रादुरासीत् प्रकटीभूतः ।

अवसायितः समापितः दिनस्य मुखे आरम्भे यः नियमः तस्य विधिः कृत्यम् । जाल्मस्य मूढस्य ('जडो जाल्मश्च निर्बुद्धौ स्तब्धेऽनालोच्यकारिणि' इति वैजयन्ती) । कच्चित् (प्रश्ने) । न अवसितम् समाप्तम् वचनम् यस्य तस्मिन् । अङ्गना नारी । प्रत्यदृश्यत दृष्टा । अवेक्ष्य दृष्ट्वा । धात्री उपमाता । हर्षजनितेन अश्रुणा कुण्ठितः रुद्धः कण्ठः यस्मिन् कर्मणि तत् यथा स्यात् तथा । आचष्ट अवदत् । भर्तुः स्वामिनः दारकम् पुत्रम् । अविद्यमाना कृपा दया यस्याः तया (निर्दयया) । निर्भरम् अत्यन्तम् यथा स्यात् तथा निपीडिता आक्रान्ता । हर्षेण निर्भरनिपीडिता । प्ररुद्य मुक्तकण्ठम् रुदित्वा । विलप्य आक्रन्द्य । आख्याने कथने । न्ययुज्यत नियुक्ता । अति-

(यह) सोचते-सोचते ही महासागर से निकले सूर्य के घोड़ों की साँसों के वेग से कँपी-सी रात हट गई । समुद्र के बीच रहने से शीतल कर दिया गया-सा मन्द ताप वाला सूर्य प्रगट हुआ ।

उठकर सवेरे के नियमित कृत्य समाप्त कर मैंने अपनी उस धाय से कहा—'माँ, मूर्ख विकटवर्मा के रनिवास का समाचार जानती तो हो न ?' यों मेरा कहना पूरा (भी) नहीं हुआ था कि एक स्त्री दिखी । उसे देखकर मेरी उस धाय ने आनन्द के आँसुओं से रुँधा गला लेकर कहा—'बेटी पुष्करिका, देखो राजकुमार को ! यह वही है जिसे निर्दयता से मैंने जङ्गल में छोड़ दिया था । इस प्रकार फिर आ गया है ।' वह (पुष्करिका) आनन्द से अत्यधिक आक्रान्त होकर, देर तक रुदन कर, बहुत विलाप कर शान्त होने पर पुनः अपनी माँ के द्वारा राजा के रनिवास का समाचार बताने के लिये लगाई गई और वह बोली—'राजकुमार,

१. चिन्तापन्ने । २. दिवाकरः । ३. कुञ्चित; कुण्ठ ।

'कुमार, कामरूपेश्वरस्य कलिन्दवर्मनाम्नः कन्या कल्पसुन्दरी कलासु रूपे चाप्सरसोऽप्यतिक्रान्ता पतिमभिभूय वर्तते। तदेकवल्लभः स तु बह्ववरोधोऽपि विकटवर्मा' इति। तामवोचम्—'उपसर्पैनां मत्प्रयुक्तैर्गन्धमाल्यैः। उपजनय चासमानदोषनिन्दादिना स्वभर्तरि द्वेषम्। अनुरूपभर्तृगामिनीनां च वासवदत्तादीनां वर्णनेन ग्राहयानुशयम्। अवरोधनान्तरेषु च राज्ञो विलसितानि सुगूढान्यपि प्रयत्नेनान्विष्य प्रकाशयन्ती मानमस्या वर्धय' इति। पुनरिदमम्बाम-

क्रान्ता उत्कृष्टा। अभिभूय पराभूय (आधिपत्यम् विस्तार्य) सा (कल्पसुन्दरी) एव एका केवला वल्लभा प्रिया यस्य सः। सः (विकटवर्मा)। बहुः विस्तृतः अवरोधः अन्तःपुरम् (राज्ञ्यः) यस्य सः। उपसर्प उपचर (सेवस्व)। एनाम् (कल्पसुन्दरीम्)। मया प्रयुक्तैः प्रेषितैः। उपजनय उत्पादय। असमानयोः परस्परविपरीतयोः (पतिपत्न्योः) यः दोषः तस्य निन्दादिना। स्वस्याः कल्पसुन्दर्याः भर्तरि पत्यौ (विकटवर्मणि)। अनुरूपभर्तृगामिनीनाम् स्वयोग्यपतियुक्तानाम्। अनुशयम् पश्चात्तापम्। अन्ये अवरोधाः अन्तःपुराणि (पत्न्यः) अवरोधान्तराणि तेषु। राज्ञः (विकटवर्मणः)। विलसितानि विलासक्रियाः। सुगूढानि नितराम् प्रच्छन्नानि। अन्विष्य आविष्कृत्य। प्रकाशयन्ती प्रकटयन्ती। मानम् ईर्ष्याजन्यम् कोपम्। अस्याः

कलिन्दवर्मा नामक कामरूप के राजा की बेटी कल्पसुन्दरी कलाओं और सुन्दरता में अप्सराओं से भी बढ़-चढ़कर है और पति पर हावी है। वह विकटवर्मा बहुत सारी रानियों के होने पर भी अकेली उसे ही प्रिया मानता है।' मैंने उससे कहा[1]—'इस (कल्प-सुन्दरी) की सेवा में मेरे भेजे सुगन्धित पदार्थों और मालाओं के साथ पहुँचो। दोनो (पति-पत्नी) समान नहीं हैं (तुम बढ़कर हो) इस दोष की निन्दा आदि से अपने (कल्पसुन्दरी के) पति के प्रति (कल्पसुन्दरी के मन में) शत्रुता पैदा करो। (अपने) योग्य पति पाने वाली वासवदत्ता[2] आदि के वर्णन से पश्चात्ताप ग्रहण कराओ। अन्य पत्नियों के साथ राजा के अत्यन्त गुप्त विहार भी प्रयत्न-पूर्वक पता लगाकर प्रगट करती हुई इस-(कल्पसुन्दरी) का कोप बढ़ाओ।'

१. मालती-माधव (२।१३) में कामन्दकी ने मालती के मन में माधव के प्रति इसी तरह प्रेम उत्पन्न करने के लिये अन्यों के प्रति घृणा पैदा की है: 'वरेऽन्यस्मिन् द्वेषः पितरि विचिकित्सा च जनिता।'

उक्त उपाय वात्स्यायन के कामसूत्र में भी आया है:

'परस्त्रियस्तु सूक्ष्मभावा दूतीसाध्या न तथात्मनेत्याचार्याः।' (५।२।१)

'सैनां शीलतोऽनुप्रविश्याख्यानकपटैः सुभगंकरणयोगैर्लोकवृत्तान्तैः कविकथाभिश्च तस्याश्च रूपविज्ञानदाक्षिण्यशीलानुप्रशंसाभिश्च तां रञ्जयेत्। कथमेवंविधायास्तवायमित्थंभूतः पतिरिति चानुशयं ग्राहयेत्। (५।४।२ से ३)। शृण्वत्यां चाहल्याशाकुन्तलादीन्यन्यान्यपि लौकिकानि च कथयेत्तद्युक्तानि। (५।४।१४)। विद्वेषं ग्राहयेत्पत्यौ रमणीयानि वर्णयेत्।...नायकस्यानुरागं च पुनश्च रतिकौशलं वर्णयेत्। (५।४।६३ से ६४)

वोचम्—'इत्थमेव त्वयाप्यनन्यव्यापारया नृपाङ्गनासावुपस्थातव्या। प्रत्यहं च यद्यत्तत्र वृत्तं तदस्मि [1]त्वयैव बोध्यः। मदुक्त्या पुनरियमुदर्कस्वादुनोऽस्मत्कर्मणः प्रसाधनाय च्छायेवानपायिनी कल्पसुन्दरीमनुवर्तताम्' इति। ते च तमर्थं तथैवान्वतिष्ठताम्।

केषुचिद्दिनेषु गतेष्वाचष्ट मां मदम्बा 'वत्स, माधवीव [2]पिचुमन्दाश्लेषिणी यथासौ शोच्यमात्मानं [3]मन्येत तथोपपाद्य स्थापिता। किं भूयः कृत्यम्' इति। पुनरहमभिलिख्यात्मनः प्रतिकृतिम् [4]'इयममुष्यै नेया। नीतां चैनां निर्वर्ण्य सा नियतमेवं वक्ष्यति। 'नन्वस्ति कश्चिदीदृशाकारः पुमान्' इति। प्रतिब्रूह्येनाम्—

(कल्पसुन्दर्याः)। अम्बाम् धात्रीम्। अवोचम् अवदम्। न (त्यक्तः) अन्यः व्यापारः कार्यं यया। नृपाङ्गना राजपत्नी। असौ (कल्पसुन्दरी)। उपस्थातव्या सेव्या। प्रत्यहम् प्रतिदिनम्। वृत्तम् सञ्जातम्। बोध्यः सूचनीयः। मया उक्ता कथिता। पुनः तु। इयम् (पुष्करिका)। उदर्कः परिणामः स्वादुः मधुरः यस्य तस्य। अस्माकम् (मम) कर्मणः। प्रसाधनाय सम्पादनाय। अनपायिनी अविच्छिन्ना (सततलग्ना)। अनुवर्तताम् अनुसरतु। ते धात्री च पुष्करिका च। अर्थम् कार्यम्। तथा उक्तानुसारेण। अन्वतिष्ठताम् अकुरुताम्।

गतेषु व्यतीतेषु। आचष्ट अवदत्। माम् (उपहारवर्माणम्)। अम्बा (वृद्धा) धात्री। वत्स (हे) पुत्र। माधवी वासन्ती ('वासन्ती माधवी लता' इति अमरः। मधौ पुष्प्यति इति अण्)। पिचुमन्दाश्लेषिणी निम्बवृक्षाश्रिता ('पिचुमन्दश्च निम्बे' इति अमरः। पिचुम् कुष्ठविशेषम् मन्दयति इति)। असौ (कल्पसुन्दरी)। शोच्यम् शोचनीयम्। आत्मानम् स्वम् (कल्पसुन्दरीम्)। उपपाद्य सयुक्तिकम् संबोध्य। स्थापिता कृता। भूयः पुनः। कृत्यम् करणीयम्। अभिलिख्य चित्रयित्वा। आत्मनः स्वस्य। प्रतिकृतिम् आलेख्यम् (चित्रम्)। अमुष्यै तस्यै (कल्पसुन्दर्यै)। निर्वर्ण्य निपुणम् निरीक्ष्य। नियतम् निश्चितम्। वक्ष्यति वदिष्यति। ननु (प्रश्ने)। ईदृशः आकारः यस्य सः। पुमान् पुरुषः। प्रतिब्रूहि उत्तरय। एनाम् (कल्पसुन्दरीम्)।

फिर धाय से यह बोला—'इसी तरह अन्य कार्यों से नाता तोड़ तुम भी उस रानी की सेवा में उपस्थित होना। प्रतिदिन जो-जो घटना वहाँ घटे उस-उसके बारे में तुम्हीं को मुझे बताना है। और यह (पुष्करिका) मेरे कहने से परिणाम में सुन्दर मेरी योजना सफल बनाने के लिए परछाईं की भाँति कभी न हटने वाली बनकर कल्पसुन्दरी का अनुसरण करे। उन दोनो ने वह काम उसी (बताये हुये) तरीके से किया।

कुछ दिन बीतने पर मेरी धाय ने मुझसे बताया—'बेटा, नीम से लिपटी चमेली की भाँति वह अपने को शोचनीय (अभागी) माने, ऐसा तर्क द्वारा उसे बना दिया गया है। अब क्या करना है ?' मैंने अपना चित्र फिर से बनाकर 'यह उसके पास ले जाओ। ले जाया गया यह (चित्र) गौर से देखकर वह निश्चय ही यों कहेगी—'क्या इस आकृति का कोई (आदमी) है ?' इसको उत्तर देना—'अगर हो तो क्या (होगा) ?' उसका जो उत्तर वह

१. त्वयावबोध्यः। २. पिचुमर्दा। ३. मन्यते। ४. अस्मत्प्रतिकृतिरियम्।

'यदि स्यात्ततः किम्' इति ; तस्य यदुत्तरं सास्दयति 'तदहमस्मि प्रतिबोधनीयः' इति। सा 'तथा' इति राजकुलमुपसंक्रम्य प्रतिनिवृत्ता [1]मामेकान्ते न्यवेदयत्—'वत्स, दर्शितोऽसौ चित्रपटस्तस्यै मत्तकाशिन्यै । चित्रीयमाणा चासौ भुवनमिदं सनाथीकृतं यद्देवेऽपि कुसुमधन्वनि नेदृशी वपुःश्रीः संनिधत्ते। चित्रमेतच्चित्रतरम्। न च तमवैमि य ईदृशमिहत्यो निर्मिमीते। केनेदमालिखितम्' इत्यादृतवती व्याहृतवती च। मया च स्मेरयोदीरितम्—'देवि, सदृशमाज्ञापयसि। भगवान्मकरकेतुरप्येवं सुन्दर इति न शक्यमेव संभावयितुम्। अथ च विस्तीर्णेयमर्णवनेमिः। क्वचिदीदृशमपि रूपं दैवशक्त्या संभवेत्। अथ तु यद्येवंरूपो रूपानुरूपशिल्पशीलविद्याज्ञानकौशलो युवा महा-

ततः तर्हि। प्रतिबोधनीयः ज्ञापनीयः। तथा इति स्वीकृत्य। उपसंक्रम्य गत्वा। प्रतिनिवृत्ता प्रत्यागता। तस्यै (कल्पसुन्दर्यै)। मत्तकाशिन्यै उत्तमाङ्गनायै [मत्ता इव काशते (दृश्यते) इति]। चित्रीयमाणा विस्मयमाना ('नमोवरिवश्चित्रङः क्यच्' इति क्यजन्तादात्मनेपदम्। 'चित्रीयते विस्मयते इत्यर्थः' अष्टाध्यायी ३।१।१९)। असौ (कल्पसुन्दरी)। सनाथीकृतम् असनाथम् सनाथम् नाथवत् कृतम् इति च्विः। यत् यस्मात्। कुसुमधन्वनि मदने। वपुषः श्रीः शोभा। संनिधत्ते समीपम् आगच्छति (अस्ति)। चित्रम् प्रतिकृतिः। चित्रकरम् अतिशयेन आश्चर्यकरम्। ईदृशम् एवम् (सुन्दरम् चित्रम्)। इहत्यः एतद्देशीयः। निर्मिमीते रचयति (चित्रयति)। आलिखितम् चित्रितम्। आदृतवती आदरम् दर्शितवती। व्याहृतवती कथितवती। मया (धात्र्या)। स्मेरया हासयुक्तया। उदीरितम् कथितम्। देवि (हे कल्पसुन्दरि)। सदृशम् उचितम्। आज्ञापयसि वदसि। भगवान् श्रीमान्। मकरकेतुः कामः। शक्यम् संभवम्। संभावयितुम् सुन्दरत्वेन निदर्शयितुम्। अथ च तथापि। विस्तीर्णा विस्तृता। अर्णवः समुद्रः नेमिः परिधिः यस्याः सा (पृथ्वी) (द्रष्टव्यम् 'कालो ह्ययं निरवधिर्विपुला च पृथ्वी' इति उत्तररामचरिते)। क्वचित् कुत्रापि। दैवस्य विधातुः शक्त्या। अथ तु आस्ताम् (तिष्ठतु। अस्तु। 'अथ त्वित्यभिधेयेऽस्मिन्नास्तामपि तु चाव्ययम्' इति अजयः)। एवम् ईदृशम् रूपम् आकृतिः

देगी, वह मुझे सूचित करना।' वह 'ठीक है' कहकर राजमहल में जाकर और लौटकर एकान्त में मुझसे बोली—'बेटा, उस उत्तमाङ्गना को वह चित्र-पट दिखाया। दाँतों तले उँगली दबाकर वह 'यह संसार इस (स्वरूप) से सनाथ बनाया गया है क्योंकि भगवान् कामदेव में भी ऐसी शरीर-शोभा सन्निहित नहीं है। यह चित्र बहुत आश्चर्य-जनक है। यहाँ के ऐसे किसी व्यक्ति को नहीं जानती जो इस प्रकार का (चित्र) बनाता हो। किसने यह चित्रित किया है ?' (यह) आदर-पूर्वक बोली। मैंने मुस्कराते हुये कहा—'देवी, ठीक कहती हो। भगवान् कामदेव भी इतने सुन्दर हैं, यह संभावना तक नहीं की जा सकती। लेकिन यह (समुद्र परिधि वाली) पृथ्वी विशाल है। भाग्य-बल से कहीं ऐसा रूप भी हो सकता है। अच्छा, अगर इस आकृति का सौन्दर्य-सदृश कला, स्वभाव, विद्या, ज्ञान और कुशलता से युक्त

१. मह्यम्।

कुलीनश्च कश्चित्संनिहितः स्यात्, स किं लप्स्यते' इति। तयोक्तम्—'अम्ब, किं ब्रवीमि। शरीरं हृदयं जीवितमिति सर्वमिदमल्पमनर्हं च। ततो न किंचिल्लप्स्यते। न चेदयं [1]विप्रलम्भस्तस्यामुष्य दर्शनानुभवेन यथेदं चक्षुश्चरितार्थं भवेत्तथानुग्रहः कार्यः' इति। भूयोऽपि मया दृढतरीकर्तुमुपन्यस्तम्—'अस्ति कोऽपि राजसूनुर्नि[2]गूढं चरन्। अमुष्य वसन्तोत्सवे सह सखीभिर्नगरोपवनविहारिणी रतिरिव विग्रहिणी यदृच्छया दर्शनपथं गतासि। गतश्चासौ कामशरैकलक्ष्यतां मामन्ववर्तिष्ट। मया च वामन्योन्यानुरूपैरन्यदुर्लभैराकारादिभिर्गुणातिशयैश्च प्रेर्यमाणया तद्रचितैरेव कुसुमशेखरस्रगनुलेपनादिभिश्चिरमुपासितासि। सादृश्यं

यस्य सः एवंरूपः। रूपस्य सौन्दर्यस्य अनुरूपम् सदृशम् शिल्पम् कला शीलम् स्वभावः विद्या (अष्टादशप्रकारा) ज्ञानम् (लिप्यादीनाम्) कौशलम् नैपुण्यम् च यस्य तादृशः रूपानुरूपशीलविद्याज्ञानकौशलः। महान् च असौ कुलीनः उच्चकुलोत्पन्नः च। संनिहितः निकटस्थितः। लप्स्यते प्राप्स्यते। जीवितम् जीवनम्। अनर्हम् अयोग्यम्। ततः तस्मात्। चेत् यदि। विप्रलम्भः छलम्। (तर्हि)। तस्य पूर्वोक्तस्य। अमुष्य अस्य (तरुणस्य)। चरितः पूर्णः अर्थः मनोरथः यस्यः तत् (सार्थकम्)। अनुग्रहः कृपा। कार्यः करणीयः। भूयः पुनः। मया (वृद्धया)। दृढतरीकर्तुम् (अनुरागम्) बद्धमूलीकर्तुम्। उपन्यस्तम् कथितम्। राज्ञः नृपस्य सूनुः पुत्रः। निगूढम् प्रच्छन्नम्। चरन् भ्रमन्। अमुष्य अस्य। विग्रहिणी शरीरधारिणी। यदृच्छया दैववशात्। दर्शनपथम् दृष्टिविषयम्। गता प्राप्ता। कामस्य शराणाम् एकलक्ष्यताम् एकवेध्यताम्। एकः च असौ लक्ष्यः वेध्यः च तत्ताम्। अन्ववर्तिष्ट अनुसृतवान्। मया वृद्धया। वाम् युवयोः (तव च तरुणस्य च)। अन्योन्यानुरूपैः परस्परसदृशैः। अन्येषु दुर्लभैः अन्यदुर्लभैः। गुणानाम् अतिशयैः आधिक्यैः। प्रेर्यमाणया नोदितया। तेन रचितैः निर्मितैः तद्रचितैः। कुसुमशेखरः पुष्पमयी शिरोमाला च स्रक् माला च अनुलेपनम् उद्वर्तनम् च आदौ येषाम् तैः (वस्तुभिः)। चिरम् बहुकालम्। उपासिता सेविता [तासां मनोहराण्युपायनानि ताम्बूलमनुलेपनं स्रजमङ्गुलीयकं वासो वा तेन प्रहितं दर्शयेत् इति वात्स्यायनः (५।४।३५)।]।

युवक और अत्यन्त कुलीन कोई व्यक्ति उपस्थित हो तो वह क्या पायेगा?' वह बोली—'माँ, क्या कहूँ? शरीर, हृदय और जीवन—यह सब थोड़ा और अयोग्य (मूल्य) है, अतः वह कुछ न पायेगा। यदि यह छल नहीं है तो पूर्वोक्त इस (युवक) के दर्शन-अनुभव से यह दृष्टि सफल-मनोरथ हो, ऐसी कृपा करो।' मैंने पुनः और पक्का करने के लिये कहा—'एक राजकुमार छिपे तौर पर पर्यटन कर रहा है। वसन्त-उत्सव में सहेलियों के साथ नगर के उद्यान में विहार करती हुई शरीरधारी रति की भाँति तुम संयोग से इसको दृष्टिगोचर हुई हो। काम के बाणों का पूरा-पूरा निशाना बना हुआ वह मेरे पीछे लगा। तुम दोनो के परस्पर अनुरूप, अन्यों के लिये दुर्लभ आकार आदि और गुणाधिक्य से प्रेरित होती हुई मैंने उसके द्वारा प्रस्तुत फूल की शिरोमाला, माला, उबटन आदि से चिरकाल तक तुम्हारी सेवा की है।

१. स्यादमु०; स्यात्तस्या अमुष्य। २. अवरुद्धः।

च स्वमनेन स्वयमेवाभिलिख्य '[1]त्वत्समाधिगाढत्वदर्शनाय प्रेषितम्। एष चेदर्थो निश्चितस्तस्यामुष्यातिमानुषप्राणसत्त्वप्रज्ञाप्रकर्षस्य न किंचिद्दुष्करं नाम। तमद्यैव दर्शयेयम्। संकेतो देयः' इति। तया तु किंचिदिव ध्यात्वा पुनरभिहितम्—'अम्ब, तव नैतदिदानीं गोप्यतमम्। अतः कथयामि। मम तातस्य राज्ञा प्रहारवर्मणा सह महती प्रीतिरासीत्। मातुश्च मे मानवत्याः प्रियवयस्या देवी प्रियंवदासीत्। ताभ्यां पुनरजातापत्याभ्यामेव कृतः समयोऽभूत्—'आवयोः पुत्रवत्याः पुत्राय दुहितृमत्या दुहिता देया' इति। तातस्तु मां जातां प्रनष्टापत्या प्रियंवदेति प्रार्थयमानाय विकटवर्मणे दैवाद्दत्तवान्। अयं च निष्ठुरः पितृद्रोही नात्युपपन्नसंस्थानः कामोपचारेष्वलब्धवैचक्षण्यः कलासु काव्यनाटकादिषु मन्दा-

सादृश्यम् चित्रम्। स्वम् स्वकीयम्। अभिलिख्य लिखित्वा। तव समाधेः ध्यानस्य गाढत्वम् गभीरत्वम् तस्य दर्शनाय त्वत्समाधिगाढत्वदर्शनाय। एषः (पूर्वोक्तः)। चेत् यदि। अर्थः विषयः। तस्य पूर्वोक्तस्य। अमुष्य अस्य (युवकस्य)। मानुष्यम् अतिक्रान्ता अतिमानुषः प्राणः बलम् च सत्त्वम् पराक्रमः च प्रज्ञा बुद्धिः च तासाम् प्रकर्षः आधिक्यम् यस्य तस्य। दुष्करम् असाध्यम् (अवाञ्छितात् पत्युः मोचयिष्यति)। सङ्केतः इङ्गितम्। ध्यात्वा विचार्य। अभिहितम् उक्तम्। अतिशयेन गोप्यम् गोप्यतमम्। तातस्य पितुः। प्रीतिः प्रेम। प्रियवयस्या प्रियसखी। देवी राज्ञी। न जातम् उत्पन्नम् अपत्यम् ययोः ताभ्याम्। समयः शपथः। आवयोः (द्वयोः मध्ये)। पुत्रवत्याः या पुत्रजननी तस्याः। दुहितृमत्या या दुहितृ-(पुत्री) जननी तया। दुहिता पुत्री। देया विवाहनीया। तातः पिता। प्रनष्टम् मृतम् अपत्यम् पुत्रः यस्याः सा। प्रार्थयमानाय याचमानाय। निष्ठुरः निर्दयः। पितृद्रोही पितृतुल्यपितृव्यानिष्टकारकः। न अत्युपपन्नम् विशेषेण अनुगुणम् संस्थानम् (अवयव-) सन्निवेशः यस्य सः ('उपपन्नं समृद्धे च संपन्नेऽनुगुणेऽपि च' इति केशवः। 'संस्थानं मरणे गात्रे संनिवेशे च वर्तते' इति भागुरिः) (कुरूपः)। कामोप-

अपना चित्र उसने स्वयं बनाकर तुम्हारे ध्यान की गंभीरता देखने के लिये भेजा है। यदि यह बात निश्चित हो तो पूर्वोक्त मानवाधिक (अलौकिक) बल, पराक्रम और बुद्धि के आधिक्य वाले इस (तरुण) के लिये कुछ भी करना कठिन नहीं है (तुम्हें अवांछित पति से छुटकारा दिला सकता है)। उसे आज ही दिखा सकती हूँ। इशारा देना।' उसने कुछ विचार कर फिर कहा—'माँ, यह बात अब तुम्हारे लिये विशेष गोपनीय नहीं रही, इसलिये बताती हूँ। राजा प्रहारवर्मा से मेरे पिता की परम मित्रता थी और प्रियंवदा मेरी माँ मानवती की प्यारी सहेली थीं। उन दोनो (सहेलियों) ने संतान उत्पन्न होने के पहले ही तय किया था कि हम दोनो में से जिसके पुत्र हो उसके पुत्र को जिसके पुत्री हो वह पुत्री ब्याहेगी। उधर पिता जी ने मेरे पैदा होने पर मुझे यह सोचकर कि प्रियंवदा की संतान मर गई है माँग रहे विकटवर्मा को दैव-वश दे दिया। यह निर्दय पितृ-(चाचा) द्रोही अयोग्य शरीर-गठन वाला, काम-क्रीडाओं की कुशलता प्राप्ति से दूर, कलाओं और काव्य, नाटक आदि में अल्प रुचि

१. त्वत्समधिगमाय गाढं त्वद्दर्शनाय।

भिनिवेशः शौर्योन्मादी दुर्विकत्थनोऽनृतवादी चास्थानवर्षी। नातिरोचते म एष भर्ता विशेषतश्चैषु वासरेषु यदयमुद्याने मदन्तरङ्गभूतां पुष्करिकामप्युपान्तवर्तिनीमनादृत्य मयि [1]बद्धसापत्न्यमत्सरामनात्मज्ञामात्मनाटकीयां रमयन्तिकां [2]नामापत्यनिर्विशेषं मत्संवर्धितायाश्चम्पकलतायाः स्वयमवचिताभिः सुमनोभिरलमकार्षीत्। मदुपभुक्तमुक्ते चित्रकूटगर्भवेदिकागते रत्नतल्पे तया सह व्यहार्षीत्। अयोग्यश्च पुमानवज्ञातुं च प्रवृत्तः। तत्किमित्यवेक्ष्यते। परलोकभयं चैहिकेन दुःखेनान्तरितम्। अविषह्यं हि यो योषितामनङ्गशरनिषङ्गीभूतचेतसामनिष्टजनसवास-

चारेषु कामक्रीडासु। न लब्धम् प्राप्तम् वैचक्षण्यम् कुशलता येन सः। कलासु (चतुःषष्टयाम्) काव्येषु श्रव्यरूपेषु नाटकेषु दृश्यरूपेषु आदिपदेन चम्प्वाख्यायिकादिषु। मन्दः अल्पः अभिनिवेशः प्रवृत्तिः यस्य सः। शौर्योन्मादी वीरतोन्मत्तः। दुष्टः च त्रिकत्थनः आत्मश्लाघारतः च। अनृतवादी मिथ्याभाषणशीलः। अस्थानवर्षी अपात्रदाता। अतिरोचते नितराम् रोचते प्रीतिकरः भवति। मे मह्यम् ('रुच्यर्थानां प्रीयमाणः' इति चतुर्थी)। एषु वासरेषु अधुना। यत् यतः। अयम् (मम पतिः)। मम अन्तरङ्गभूताम् आत्मीयाम्। उपान्तवर्तिनीम् समीपस्थिताम्। अनादृत्य अवज्ञाय। सपत्नस्य भावः सापत्न्यम् सपत्नीत्वम् तस्य मत्सरः असह्यता। बद्धः सापत्न्यमत्सरः यया ताम्। अनात्मज्ञाम् स्वयोग्यताज्ञानरहिताम्। आत्मनः स्वस्य नाटकीयाम् नर्तकीम् ('नाटकीयो नृत्तकरः' इति अजयः)। अपत्यनिर्विशेषम् सन्तानतुल्यम् यथा स्यात् तथा (क्रियाविशेषणम्)। मया संवर्धितायाः (जलसेकादिना) पालितायाः। चम्पकलतायाः अल्पचम्पकस्य। अवचिताभिः लूनाभिः। सुमनोभिः पुष्पैः। अलमकार्षीत् अलङ्कृतवान्। मया (आदौ) उपभुक्तम् अनुभूतम् (पश्चात् च) मुक्तम् त्यक्तम् तस्मिन्। चित्रकूटः क्रीडापर्वतः तस्य गर्भे गुहायाम् या वेदिका परिष्कृता भूः तत्र गते स्थिते। रत्नतल्पे रत्ननिर्मिते शयने। व्यहार्षीत् विहारम् कृतवान्। पुमान् पुरुषः। अवज्ञातुम् तिरस्कर्तुम्। प्रवृत्तः लग्नः। किमिति कथम्। अवेक्ष्यते काङ्क्ष्यते। परलोकस्य भयम्। इह भवेन ऐहिकेन। अन्तरितम् व्यवधानीकृतम्। अविषह्यम् असह्यम्। अनङ्गस्य कामस्य शराणाम् निषङ्गीभूतम् तूणीरीभूतम् (आधारी-

